दैनिक
# मिशन नेशनल न्यूज
MNN Mission of Truth
TITLE CODE.: UTTHIN05386
हिन्दी अखबार
प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद
वेबसाईट पढ़े: www.missionnationalnews.com
वर्ष-2 अंक-341 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये
हरिद्वार, रविवार, 08 दिसंबर 2024

# स्कूली शिक्षा को ज्यादा सुलभ बनाने 85 नए केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी

## -प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- लाखों विद्यार्थी होंगे लाभावित और रोजगार होंगे सृजित



**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार समाज के हर वर्ग को स्कूली शिक्षा उपलब्ध कराने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के उद्देश्यों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में, देशभर में 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की घोषणा की गई है। इस फैसले से न केवल लाखों विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा, कि स्कूली शिक्षा को ज्यादा सुलभ बनाने के लिए हमारी सरकार ने 85 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने का फैसला लिया है। इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को फायदा होगा और रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। पीएम मोदी ने यह भी घोषणा की कि देशभर में 28 नए नवोदय विद्यालयों को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा, कि इससे आवासीय और गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा का दायरा और बढ़ेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप, हम स्कूली शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

**बेहतर संपर्कता में सुधार**

पीएम मोदी ने इसके साथ ही बताया कि उनकी सरकार देशभर में बेहतर संपर्कता सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। इस दिशा में दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के तहत रिठाला-कुंडली कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है। यह नया मेट्रो कॉरिडोर दिल्ली और हरियाणा के बीच यात्रा को और सुगम बनाएगा। पीएम मोदी ने कहा, कि दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण का यह कॉरिडोर न केवल दिल्ली और हरियाणा के बीच यात्रा को आसान करेगा, बल्कि दोनों राज्यों के लोगों के बीच सामाजिक और आर्थिक संबंधों को भी मजबूती देगा।

# पीएम मोदी ने किया 3 दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन

## -भारत मंडपम पर बोले प्रधानमंत्री- पूर्वोत्तर भारत के विकास में सहयोग देगा

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 दिसंबर को दिल्ली के भारत मंडपम में 3 दिवसीय अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन किया। यह महोत्सव 6 से 8 दिसंबर तक चलेगा और इसका मुख्य उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न राज्यों की जीवंत संस्कृति का जश्न मनाकर क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने महोत्सव के उद्घाटन से पहले पोस्ट कर कहा, यह कार्यक्रम विशेष रूप से पर्यटन, कपड़ा, हस्तशिल्प और अन्य क्षेत्रों में निवेश और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए केंद्रित होगा।

अष्टलक्ष्मी महोत्सव में कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो पारंपरिक हस्तशिल्प, हथकरघा, कृषि उत्पाद और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में आर्थिक मौंकों को बढ़ावा देने वाले है। इस दौरान कारीगर प्रदर्शनियां, ग्रामीण हाट, राज्य विशिष्ट मंडप और तकनीकी सत्र आयोजित होने है। निवेशक गोलमेज सम्मेलन और क्रेता-विक्रेता बैठकें महोत्सव के प्रमुख आयोजनों में शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, महोत्सव में एक डिजाइन कॉन्क्लेव और फैशन शो भी होगा, जिसमें पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध हथकरघा और हस्तशिल्प परंपराओं को दिखाया जाएगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने के लिए संगीत प्रदर्शन और स्वदेशी व्यंजन भी पेश किए जाएंगे। इस महोत्सव का आयोजन पूर्वोत्तर भारत के विकास और वहां के व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में ग्लॉबल होस्पिटल का उदघाटन किया

**अहमदाबाद**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद के सिंधुभवन रोड पर ग्लोबल हॉस्पिटल का उद्घाटन किया है। ग्लॉबल होस्पिटल में डॉ. हसमुख अग्रवाल समेत 10 डॉक्टर सेवा देंगे। इतना ही नहीं, यहां नागरिकों को मल्टी स्पेशलिटी की सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिससे अहमदाबाद के लोगों को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का इलाज मिल सकेगा। ग्लॉबल होस्पिटल में मरीजों को स्त्री रोग, यूरोलॉजी और गैस्ट्रोलॉजी की सुविधाएं मिलेंगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के साथ अस्पताल की साझेदारी समाज के वंचित वर्गों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगी। किफायती व उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित यह हॉस्पिटल 24/7 गहन चिकित्सा इकाई (क्व), विशेष डायग्नोस्टिक इकाई जैसी अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशलिटी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। ग्लॉबल हॉस्पिटल में फिलहाल 70 बेड उपलब्ध कराए गए हैं। हालांकि बाद में अस्पताल में कुल 100 बेड उपलब्ध कराए जाएंगे। ग्लॉबल होस्पिटल के उदघाटन के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट के 35 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

### पूजा सिंघल को ईडी कोर्ट से बड़ी राहत, 28 माह बाद जेल से आएंगी बाहर

**रांची**

झारखंड की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को ईडी कोर्ट ने बड़ी राहत देकर जमानत दे दी है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 11 मई 2022 को गिरफ्तारी के बाद से वे 28 माह से जेल में थीं। कोर्ट ने उन्हें दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी है। साथ ही पूजा को अपना पासपोर्ट जमा करने का भी आदेश दिया गया है।

पूजा सिंघल का मामलाः पूजा सिंघल झारखंड कैडर की चर्चित आईएएस अधिकारी हैं। वह झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) की चेयरमैन और उद्योग व खान सचिव के रूप में काम कर चुकी हैं। उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग और मनरेगा घोटाले से जुड़े आरोपों के चलते ईडी ने गिरफ्तार किया था। आरोप है कि खूंटी में डीसी रहते हुए उन्होंने घोटाले में अपनी भूमिका निभाई।

क्या है मनरेगा घोटाला?

यह मामला झारखंड के खूंटी जिले में मनरेगा फंड में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है।

2009-2010 के दौरान, जब पूजा खूंटी में उपायुक्त थीं, घोटाले के आरोप लगे। ईडी ने मामले की जांच के दौरान बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ियों का खुलासा किया। आरोप है कि पूजा और उनके करीबी सहयोगियों के द्वारा धन का दुरुपयोग किया गया।

# होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा संगठन के स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य रैतिक परेड की सलामी ली गई

**उत्तराखण्ड,** माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 07 दिसम्बर को होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा संगठन के स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य रैतिक परेड की सलामी ली गई। रैतिक परेड में कुल 6 प्लाटूनें सम्मिलित हुईं जिनमें 3 सशस्त्र पुरूष तथा 3 सस्शत्र महिला प्लाटून थी। परेड में गढ़वाल तथा कुमांऊ मण्डलों के जनपदों से आये हुए होमगार्ड्स सम्मिलित हुए। इस परेड के परेड कमाण्डर श्री निर्मल जोशी, जिला कमाण्डेन्ट, पौड़ी, सेकेन्ड इन कमाण्ड श्री नितिन काकेरवाल, जिला कमाण्डेन्ट, अल्मोड़ा तथा परेड ऐडजूटेण्ट श्री चेतन मैठाणी, वैतनिक प्लाटून कमाण्डर, जिला प्रशिक्षण केन्द्र, रूद्रपुर थे। कम्पनी कमाण्डर का कार्य श्री मुकुल राठी, वैतनिक प्लाटून कमाण्डर, ऊधमसिंहनगर तथा श्री प्रीतम सिंह, वैतनिक प्लाटून कमाण्डर, चम्पावत द्वारा किया गया। परेड मेजर का कार्य श्री विनोद कुमार, वैतनिक प्लाटून कमाण्डर, बागेश्वर द्वारा किया गया।

- सर्वप्रथम कमाण्डेन्ट, जनरल, होमगार्ड्स एवं निदेशक, नागरिक सुरक्षा महोदय द्वारा विभागीय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी, जिसमें विभाग के विगत 01 वर्षों में विशेष रूप से विभागीय भूमि आवंटन, भवन निर्माण कार्य, चारधाम हैल्पडेस्क, निर्वाचन ड्यूटी आदि किये गये महत्वपूर्ण कार्यो का वर्णन किया गया।

- माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा विभाग हेतु संदेश एवं घोषणाओं को पढ़ा गया, जिसके अंतर्गत होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के लिये निम्न घोषणायें की गयी हैंः-

- पुलिस कार्मिकों एवं एन0डी0आर0एफ0 की भांति 9000 फिट से अधिक ऊचांई पर ड्यूटीरत होमगार्डस स्वयंसेवकों को रू 200 प्रतिदिन/प्रति जवान प्रोत्साहन राशि अनुमन्य किये जाने की घोषणा की गयी है।

- होमगार्ड्स विभाग में 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरान्त सेवापृथक होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को कल्याण कोष से आर्थिक सहायता राशि रू0 50,000/- बढ़ाये जाने की घोषणा की गयी।

- होमगार्ड्स विभाग में राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों को लागू प्रतिवर्ष वर्दी भत्ता दिये जाने की घोषणा की गयी।

- एस0डी0आर0एफ0 जवानों के साथ प्रशिक्षित होमगार्डस तैनात होने पर रू 100 प्रतिदिन/प्रति जवान प्रोत्साहन राशि अनुमन्य किये जाने की घोषणा की गयी है।

- इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कु0 प्रतिक्षा डंगवाल पुत्री श्री सुरेन्द्र दत्त डंगवाल, वैतनिक निरीक्षक, होमगार्ड्स रूद्रप्रयाग, को एम0बी0बी0एस0 कोर्स हेतु रू0 20,000/- छात्रवृत्ति तथा श्री अभय वर्मा पुत्र हो0गा0 2195 श्री गिरवर कुमार, जनपद देहरादून को 12 वीं कक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने पर होमगार्ड्स कल्याण कोष से 12,000/- रू0 की छात्रवृत्ति कल्याण कोष से प्रदान की गयी।

-राज्य में प्रथम बार महिला एवं पुरूष होमगार्डस स्वयंसेवकों द्वारा निःशस्त्र युद्ध/आत्मरक्षा (वल्लंर्शी उङ्कें३/री'ा ऊील्लू) का प्रशिक्षणोंपरान्त माननीय मुख्यमंत्री जी एवं अन्य विशिष्टगणों के सम्मुख प्रदर्शन किया गया।

- होमगार्डस जवानों का मोटरसाईकिल दस्ता 'दहाड़' जिसमें महिला एवं पुरूष होमगार्डस जवानों द्वारा प्रतिभाग करते हुये उच्चकोटि के 18 कलाओं का प्रदर्शन माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष किया गया।

- मुख्य अतिथि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की स्मारिका-2024 एवं विभागीय कलैण्डर-2025 का विमोचन किया गया।

- मुख्य अतिथि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा कमाण्डेन्ट जनरल होमगार्ड्स एवं निदेशक, नागरिक सुरक्षा, उत्तराखण्ड डॉ0 पी0वी0के0 प्रसाद, आई.पी.एस. के नेतृत्व में विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की विशेष सराहना की गयी।

- इस अवसर पर श्री शैलेश बगौली सचिव गृह, उत्तराखण्ड शासन, श्री दीपम सेठ, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड, श्री खजानदास, विधायक, राजपुर, श्री उमेश शर्मा काऊ, विधायक, रायपुर, आदि गणमान्य अधिकारी, समाजसेवी, उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी, सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी, स्थानीय जनता उपस्थित थे।

- अन्त में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा संगठन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा संगठनों के कार्यों तथा उनकें द्वारा वहन किये जाने वाले दायित्वों की अत्यन्त सराहना की गई।




# गूगल ने बताया-राष्ट्रपति आवास और आसपास का इलाका बना प्रदूषण का नया हॉटस्पॉट



**नई दिल्ली**

। स्वच्छ हवा प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे इस जलवायु तकनीकी संगठन द्वारा जारी की गई डिकोडिंग अर्बन एयरः हाइपरलोकल इनसाइट्स इन टू पीएम 2.5 पॉल्यूशन एक्रॉस इंडियन मेट्रोपोलिज नामक रिपोर्ट दिल्ली के लिए विशिष्ट वायु गुणवत्ता के रुझान और प्रदूषण हॉटस्पॉट का विस्तृत विश्लेषण प्रदान करती है।

रेस्पिरर लिविंग साइंसेज की रिपोर्ट में सीपीसीबी मॉनिटरिंग डेटा और गूगल मैप्स एयर क्वालिटी एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) से ओवरलेड स्थानिक अंतर्दृष्टि का उपयोग करके अपने एटलसएक्यू प्लेटफार्म से वायु गुणवत्ता विश्लेषण को जोड़ा गया है। गूगल ने पूरे भारत में वायु गुणवत्ता निगरानी बढ़ाने के लिए एयरव्यू प्लस पहल पर रेस्पिरर के साथ साझेदारी की है। गूगल मेप्स एक्यू के आधार पर दिल्ली का सबसे प्रदूषित एरिया उत्तर पश्चिमी दिल्ली का चांदपुर गांव है। यहां पर पीएम 2.5 का स्तर 391 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा।इसके बाद मध्य दिल्ली के प्रेसीडेंट एस्टेट में पीएम 2.5 का स्तर 385 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और बवाना में 373 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। रिपोर्ट के अनुसार गूगल मैप्स एक्यू डेटा के आधार पर प्रेसीडेंट इस्टेट को हॉटस्पॉट दिखाया गया है।

प्रेसीडेंट इस्टेट में प्रदूषण की वजह इस एरिया में ट्रैफिक का काफी अधिक होना बताया गया है। जबकि सरकारी मॉनिटरिंग नेटवर्क में यह एरिया शीर्ष पांच प्रदूषित एरिया में शामिल नहीं है। दोनों तरह की रिपोर्ट में एक मात्र कामन हॉटस्पॉट बवाना है।रेस्पिरर लिविंग साइंसेज के संस्थापक और सीईओ रौनक सुतारिया कहते हैं, हाइपरलोकल यानी स्थानीय अंतर्दृष्टि वायु गुणवत्ता निगरानी शहरी भारत के लिए एक गेम-चेंजर है। यह पारंपरिक प्रणालियों द्वारा छोड़े गए अंतराल को पाटता है, प्रदूषण पैटर्न में वास्तविक समय, सड़क-स्तरीय अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। यह ग्रैन्युलैरिटी लक्षित हस्तक्षेपों को सशक्त बनाती है, जिससे यह वायु प्रदूषण के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण उपकरण बन जाता है।

# गरीबों के मसीहा हैं धामी

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादूना मुख्यमंत्री हर सर्दी में गरीबों को रैन बसेरों में ठहराने के लिए सभी जनपदों के डीएम को अलर्ट मोड में रखते आ रहे हैं और उसी के चलते जनपदों के पुलिस कप्तान भी अपने जनपदों में गरीबों को सर्दी से बचाने के लिए उन्हें कंबल, रजाई व गर्म कपडे बांटने के मिशन में हमेशा आगे रहते हैं। मौसम विभाग की ओर से बारिश के साथ ही ठंड बढने की चेतावनी सामने आने के बाद मुख्यमंत्री गरीबों को सर्द हवाओं से बचाये रखने के लिए अलर्ट मोड मे आ गये हैं और उन्होंने सभी जनपदों के डीएम को साफ संदेश दिया है कि वह अपने जनपदों में स्थित रैन बसेरों में हर सुविधा उपलब्ध रखें। मुख्यमंत्री ने रैन बसेरों में रजाई, कंबल और रहने के लिए बेहतर व्यवस्था करने का संदेश देकर यह साबित कर दिया है कि वह गरीबों के मसीहा हैं। मुख्यमंत्री का दयालुभाव उत्तराखण्ड मे हमेशा देखने को मिलता रहा है और वह रात के अंधेरे मे खुद सर्द हवाओं का आभास करते हुए सडकों पर निकलकर खुद गरीबों के शरीर पर कंबल और रजाईयां उडाते हुए देखे जाते हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में मौसम विभाग की ओर से बारिश के साथ ही ठंड बढ़ने की चेतावनी दिए जाने को देखते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को रैनबसेरों में पर्याप्त सुविधा जुटाने के साथ ही जरूरतमंद लोगों को रजाई, कंबल वितरित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सभी जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि तहसील स्तर पर ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम कर लिए जाएं। जरूरत के अनुसार रैन बसेरे शुरू करने के साथ ही रैनबसेरा में आवासहीन लोगों ओर परिवारों को शिफ्ट किया जाए, खासकर बच्चों, महिलाओं और बीमार लोगों को तत्काल रैनबसेरा की सुविधा दी जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कंबल, रजाई भी वितरित किए जाएं, इसके अलावा प्रमुख स्थानों पर अलाव का भी इंतजाम किया जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक उंचाई वाले स्थानों पर बर्फवारी से निचले स्थानों पर भी ठंड बढ़ने के चलते जिला प्रशासन अपने स्तर से सावधानी बरतते हुए, जरूरतमंद लोगों को हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराएं।



गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जबसे सत्ता संभाल रखी है तबसे उन्होंने सभी जनपदों के डीएम एवं पुलिस कप्तानों को आदेश दिये हुये हैं कि सर्दियों के मौसम में जो गरीब फुटपाथों पर सोते हैं उन्हें फुटपाथों से हटाकर रैन बसेरों में ले जाकर उन्हें वहां आशियाना दिलाया जाये जिससे कि कोई भी गरीब खुले आसमान के नीचे रहने के लिए मजबूर न हो। मुख्यमंत्री के तीन साल के कार्यकाल में हर साल सडकों के चौराहों पर जगह-जगह गरीबों को सर्द हवाओं से बचाने के लिए अलाव की व्यवस्था की जाती है और राजधानी में पिछली बार जिले के पुलिस कप्तान अजय सिंह खुद अपनी टीम के साथ रात को सडकों पर निकलकर उन गरीबों को कंबल और रजाईयां बांटते दिखे थे जो सर्द हवाओं में अपने आपको असुरक्षित महसूस करते थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज उत्तराखण्ड के अन्दर अगर सबके दिलों में राज कर रहे हैं तो इसके पीछे उनका फलावर और दयालु रूप ही माना जा रहा है।

## माननीय न्यायालय के आदेश पर 01 वारंटी को धर दबोचा

### पोस्को मामले में काफी समय से चल रहा था फरार




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है । विगत काफी दिनों से विभिन्न मामलों में फरार चल रहे वारंटी जिसकी तलाश हेतु पूर्व में सभी संभावित स्थानों पर दबिश दी गई परंतु वारंटी शातिर किस्म के अपराधी थे जिस कारण लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। कोतवाली मंगलौर पुलिस द्वारा दिनांक 6-12-.24 को में मुखबिर की सूचना पर विशेष टीम गठित कर अभि0 के मसकन में दबिश देकर वारंटी को धर दबोचा गया। अभियुक्त थाना हाजा का दुराचारी है जो की निम्न मुकदमे में लगातार वर्ष 2023 से फरार चल रहा था जिसके विरुद्ध भगोड़े में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था।

नाम पता वारंटी

1- शाहरुख पुत्र जहांगीर निवासी पीरपुरा थाना कोतवाली मंगलौर रस्ळ 154/2024 क्राइम नंबर 1233/23 धारा 366अ, 368 342 376(2) 506 120बी 107 आईपीसी आईपीसी,व धारा 3(क)/4,13,/14,16,17,19,21 पोक्सो एक्ट व धारा 67 बी क्ळ एक्ट, व 3(2)(५) एससी एसटी एक्ट पुलिस टीम

1- उ0नि0 राकेश डिमरी

2- उपनिरीक्षक वीरपाल सिंह

3- कांस्टेबल 857 उत्तम

4- कांस्टेबल पुनीत सेमवाल

## वनकर्मियों ने अपने हथियार धडूका चलाकर हाथियों के झुंड को भगाया





मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

**लक्सर** क्षेत्र के टांडाभागमल गांव में गुलदार होने की सूचना पर मौके पर जा रहे वन क्षेत्रधिकारी लक्सर की गाड़ी के सामने खेतों से निकलकर अचानक हाथियों का झुंड आ गया। जिससे वन अधिकारी के साथ मौजूद वनकर्मियों ने अपने हथियार धडूका चलाकर हाथियों के झुंड को भगाया। हाथियों के जंगल की ओर भागने पर अधिकारी और वन कर्मियों ने राहत की सांस ली।

पिछले 5 दिनों से सुल्तानपुर क्षेत्र के टांडा भागमल गांव के आसपास खेतों में गुलदार नजर आ रहा है। क्षेत्र में गुलदार आने से ग्रामीण भयभीत है। ग्रामीण अकेले खेतों में नहीं जा पा रहे हैं। एक ग्रामीण द्वारा गांव के पास खेत में घूम रहे गुलदार की वीडियो बनाकर 5 दिन पहले सोशल मीडिया पर डाल दी थी। 2 दिन पहले टांडा भागमल गांव के निकट सेंचुरी पार्क स्टोन क्रेशर में घूम रहे गुलदार की वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गई। स्टोन क्रेशर के मुंशी कुलदीप सिंह ने मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को देकर गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की थी। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम के साथ मौके पर जा रहे वन क्षेत्राधिकारी लक्सर यशपाल सिंह राठौड़ जैसे ही गांव के निकट पहुंचे तो अचानक खेतों से निकलकर हाथियों का झुंड वन क्षेत्राधिकारी की गाड़ी के सामने आ गया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी और वनकर्मी घबरा गए। वन कर्मियों ने जंगली जानवरों को भगाने के लिए अपने साथ लिए हथियार धडूका चलाएं। तब जाकर हाथियों का झुंड जंगल की और चला गया, और वन क्षेत्राधिकार के साथ वनकर्मियों ने राहत की सांस ली। वन क्षेत्राधिकार लक्सर यशपाल सिंह राठौड़ का कहना है कि क्षेत्र में रात्रि के समय हाथियों के झुंड और गुलदार घूम रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा रात्रि के समय गुलदार होने की सूचना पर मौके पर जाते समय हाथियों का झुंड गाड़ी के सामने आ गया था। जिसे हथियार धडूका चलाकर भगाया गया है। वन क्षेत्राधिकारी ने कहा कि ग्रामीण खेतों में अकेले ना जाए साथ ही रात्रि के समय घरों से बाहर न निकले। गुलदार पर नजर रखी जा रही है जल्द ही गुलदार को पकड़वा दिया जाएगा।

## दर्जनों गांवों को मिलेगी जाम से निजात बाकरपुर से टीकमपुर तक बनेगा बाईपास

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



लक्सर बाकरपुर से टीकमपुर तक विधायक के द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर स-रकार ने मोहर लगा दी है अब बाकरपुर से टीकमपुर तक बाईपास बनने जा रहा है जिससे कई दर्जन गावो को जाम से भी निजात मिलेगी कई दर्जन ग्रामीणों के साथ विधायक के द्वारा निरीक्षण भी किया गया है लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा बताया गया था कि अलावलपुर भीकमपुर नेहन्दपुर सुल्तानपुर आदि गांव में बड़े वाहन निकालने के लिए रास्ता नहीं है जिससे आने-जाने वाले रास्तों पर जाम लग जाता है और गांव में भी बड़ा नुकसान हो जाता है उसी को देखते हुए मैंने एक प्रस्ताव भाकरपुरा से टीकमपुर बाईपास के लिए सरकार से मांग की थी मेरे मांग पत्र पर सरकार के द्वारा मोहर लगा दी गई है अब क्षेत्र के कई दर्जन गांवों को इस बाईपास से गुजरना होगा और जाम से भी निजात मिल जाएगी उन्होंने कहा मेरे द्वारा जो भी विकास कार्य कराये जा रहे हैं वह जात बिरादरी के आधार पर नहीं प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं उन्होंने कहा मेरे द्वारा पहले भी कई बड़े विकास कार्य कराये जा चुके हैं और कुछ विकास कार्यों की जो बड़े लेवल के हैं उन पर भी मांग की जा रही है जिससे ग्रामीण अपनी बच्चों की पढ़ाई अपने क्षेत्र में ही कर सकें और बड़ी गंगा पर अस्थाई पुल भी मंजूर हो गया है उन्होंने कहा आगे भी देखते जाइए किस तरह से विकास कार्य को रफ्तार मिलती है लक्सर विधायक के द्वारा कराई जा रहे विकास कार्यों की आम जनता भी जमकर तारीफ कर रही है उनके साथ निरीक्षण के इस प्रोग्राम में दर्जनों व्यक्ति मौजूद रहे

## व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में आफताब अंसारी का चयन होने से गांव में खुशी



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

लक्सर क्षेत्र बसेड़ी खादर के आफताब अंसारी का व्हीलचेयर क्रिकेट टीम में चयन होने से ग्रामीणों में खुशी की लहर व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के खिलाड़ी आफताब अंसारी ने कहा कि जिस तरह से मेरे ऊपर चंडीगढ़ रिलायन्स के अधिकारियों ने भरोसा किया है मैं उनके भरोसे पर खरा उतरने का काम करूंगा उन्होंने यह भी कहा कि आज मैं अपने आप को गर्व महसूस कर रहा हूं कि मुझे चंडीगढ़ लाइंस की टीम ने अपनी टीम में जगह दी है उसके लिए मैं सभी चंडीगढ़ लाइन्स टीम के अधिकारियों का धन्यवाद करता हूं उन्होंने यह भी कहा कि मैं व्हीलचेयर क्रिकेट टीम से खेलते हुए अपने गांव प्रदेश व देश का नाम रोशन करने की पूरी कोशिश करूंगा उसके लिए मुझे चाहे कितनी भी मेहनत करनी पड़े मैं मेहनत कर्ता रहूंगा और आगे बढ़ता रहूंगा

## बांग्लादेश में सनातनी धर्म पर हो रहे अत्याचार के विरोध में एसडीएम के माध्यम से सोपा प्रधानमंत्री को ज्ञापन



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

लक्सर तहसील परिसर में सनातनी धर्म एवं अल्पसंख्यक पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ आयोजन किया गया है प्रभात आर्य समाजसेवी ने कहा कि हम अपने सनातनी धर्म को बचाने के लिए सभी काम करेंगे उन्होंने कहा हमने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सोफा है जिसमें बांग्लादेश सरकार को शुद्ध बुद्धि के लिए कहा है वही स्वामी ने कहा कि हम हर जगह बांग्लादेश सरकार के खिलाफ यज्ञ का आयोजन कर रहे हैं जिससे सनातनी धर्म एवं अल्पसंख्यकों पर अत्याचार रख सके राहुल अग्रवाल ने कहा कि आर्य समाज राष्ट्रवाद की प्रबल समर्थक सामाजिक संस्था है आजादी के पूर्व भी एवं स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में भी आर्य ने देश व सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण निछावर किए हैं बांग्लादेश में वर्तमान में अल्पसंख्यकों को वह सनातनी भाइयों बहनों के साथ हो रहे अत्याचार के समय संपूर्ण आर्यस जगत सनातन धर्म की रक्षा के लिए कर्ज संकल्प है कार्यक्रम में स्वामी डॉ सुरेंद्र'नंद , यज्ञ पुरोहित आचार्य सुनील शास्त्री ,चंद्र प्रकाश आर्य प्रदेश मंत्री आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड, राहुल अग्रवाल मंत्री आर्य समाज लक्सर, धनपत राय आर्य संरक्षक आर्य समाज लक्सर ,गौरव आर्य कोषाध्यक्ष आर्य समाज लक्सर , प्रभात आर्य जिला प्रभारी पतंजलि हरिद्वार, विक्रांत आर्य अधिष्ठाता आर्य वीर दल, अजय वर्मा, एडवोकेट राजेंद्र नाथ मेहंदीरत्ता, एडवोकेट भूपेंद्र निगम, एडवोकेट सुशील सिंघल, सुरेश पेंटर ,एडवोकेट उदय पाल पवार, एडवोकेट सदीप चौधरी, एडवोकेट मनमोहन शर्मा, एडवोकेट पंकज गुप्ता, सुरेश कुमार त्यागी, राजपाल जी, बीरबल आर्य, सुखपाल आर्य, मोहित शर्मा, एडवोकेट प्रदीप चौधरी, प्रमोद आर्य, आदित्य चौधरी, जितेंद्र सिंघल आदि अनेक आर्य बंधु उपस्थित रहे '

## ओम ग्रुप आफ कॉलेज में इन्नोवेटिव एडवांसमेंट इन ड्रग्स डिस्कवरी डिजाइन और डेवलपमेंट प्रोसेसर पर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**रूड़की।** ओम ग्रुप आफ कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के संस्थापक श्री मुनीश कुमार सैनी, संस्था प्रतिनिधि नेहा अग्रवाल, संस्था निदेशक डॉक्टर तृप्ति , फामेर्सी विभाग के प्राचार्य डॉक्टर मोहित कुमार गुप्ता, शोभित विश्वविद्यालय सहारनपुर उत्तर प्रदेश के कुलपति डॉक्टर रंजीत सिंह, गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार उत्तराखंड के कुलपति डॉक्टर सुशील कुमार व आई0एफ0टी0एम0 विश्वविद्यालय मुरादाबाद उत्तर प्रदेश के प्रो0 कुलपति डॉक्टर नवनीत वर्मा द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक श्री मुनीश कुमार सैनी ने भारत मां के जयकारे के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया।

और किस प्रकार महाविद्यालय छह विद्यार्थियों से आरंभ होकर आज वर्तमान में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों में हजारों छात्रों से अधिक संख्या में अध्ययनरत है । और इसके साथ ही आगामी वर्ष महाविद्यालय अपनी गुणवत्ता के साथ श्री ओम विश्वविद्यालय में परिवर्तित होने जा रहा है। व साथ ही जीवन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार एक गुरु जीवन भर कुछ ना कुछ सीख देता रहता है वह अपना संपूर्ण जीवन विद्यार्थियों के भविष्य को सुधारने में लगा रहता है। संस्थापक महोदय द्वारा अपने जीवन के शैक्षिक फलों के अनुभव को छात्रों के साथ स-झा किया। कि किस प्रकार पेड़ पर फल अधिक आने पर वह झुक जाता है। इस प्रकार एक अध्यापक भी अपने गुणों व सादगी से हमेशा छात्र-छात्राओं के कल्याण के लिए तत पर रहता है । वहीं महाविद्यालय से आए अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर रंजीत सिंह ने अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा करते हुए कहा महाविद्यालय के अनुशासन व प्रतिभागी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया की किस प्रकार जीवन में छोटी-छोटी उपलब्धियां अहम योगदान देती है। वहीं गुरुकुल कांगड़ी हरिद्वार के कुल सचिव डॉक्टर सुशील कुमार द्वारा जीवन में शोध के महत्व को बताते हुए कहा कि शोध ही जीवन का सार है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने जीवन में शोध को महत्व देना चाहिए ताकि मनुष्य का जीवन उत्तम से और उत्तम बने। अंत में संस्था संस्थापक मुनीश कुमार सैनी द्वारा गीतों को स्मृति चिन्ह भेंट कर हार्दिक आभार व्यक्त किया । इस दौरान श्रीमती नेहा अग्रवाल, डॉ तृप्ति, डॉ सुधीर लॉड, डॉ सुशील चौधरी, डॉ विनीत आर्य, डॉक्टर सरिता आर्य, डॉक्टर प्रतिभा कमलकांत त्यागी, आयुषी चौहान, मीनल ठाकुर, सुनैना राजपूत आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर जल संस्थान को लगाई फटकार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** जिलाधिकारी कमेन्द्र सिंह ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत रावली महदूद और मीनाक्षीपुरम में नव निर्मित पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पाईप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़को का स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर ही जल संस्थान के अधिकारियों पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए पाइप लाइन डालने से के दौरान जल आपूर्ति के कार्यों के चलते तोड़ी गई सड़क दोबारा बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने 10 से 12 दिन के भीतर ग्रामीणों की पेयजल संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। क्षेत्र वासियों और ग्राम प्रधान ने कनेक्शन के दौरान कुछ स्थानों पर टोटी (नल) न लगाने के बात कही और कई




स्थानों पर लीकेज होने की शिकायत भी की, कुछ शिकायतें जल निगम द्वारा डाली गई पुरानी लाइनों को बंद करने की भी की गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अभियंताओं को सख्त हिदायत दी कि कही भी किसी भी स्तर पर कोई कोताही न बरती जाए, उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ये महत्वपूर्ण योजना है, जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

ईई सिविल राजेश गुप्ता ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत दो पानी की टंकी का निर्माण हुआ है एक की क्षमता 1950 किलो लीटर ओर दूसरी की क्षमता 800 किलो लीटर की है, जिसके अंतर्गत 45 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन अभी तक डाली गई है, घरों में कनेक्शन और लाइनें डालने का काम चल रहा है, 04 हजार से ज्यादा कनेक्शन आवंटित किए जा चुके है। इस दौरान ईई (ईनएम) चारु अग्रवाल, एई (ईनएम) राजीव सैनी, जेई (ईनएम) रोहित चौहान , जेई (ईनएम) वर्षा विष्ट आदि उपस्थित थे।

## ज्वालापुर आर्य नगर स्तिथ एक होटल मे आहूत की बैठक



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

आज राष्ट्रीय व्यापार मण्डल की एक बैठक ज्वालापुर आर्य नगर स्तिथ एक होटल मे आहूत की गई बैठक मे व्यापारी व नागरिको से बांग्ला देश मे हो रहे हिन्दूओ पर अत्याचार के विरोध मे मानवाधिकार मंच हरिद्वार के आवाहन पर दस दिसंबर ऋषिकुल को होने वाले विशाल प्रदर्शन मे शामिल होने का आवाहन किया

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि आज बांग्ला देश मे हिन्दू समाज पर जो अत्याचार हो रहे है उसको देख कर आत्मा हिल जाती है एक वीडियो मे सैकडो महिलाओ पर हुई बर्बरता को देख कर खून खोल रहा है दुख तड़प और गुस्सा उत्पन्न हो जाता है और बांग्ला देश की सरकार और दुनिया के तमाम शान्ति संगठन और मंच खामोश हो कर हिन्दूओ पर होते अत्याचार देख रहे है चौधरी ने कहा कि आज इस प्रकार की घटना से हिन्दू समाज को सबक लेना चाहिए और एक हो कर विरोध करना चाहिए दस दिसंबर को मानवाधिकार मंच हरिद्वार के आवाहन पर सभी को इस विरोध प्रदर्शन मे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होना है और दुनिया को संदेश देना है इस प्रकार की घटनाओ पर अब हिन्दू समाज चुप बैठने वाला नही है बैठक को संबोधित करते हुए ज़िला अध्यक्ष विनीत धिमान व महानगर अध्यक्ष आदेश मारवाड़ी ने कहा कि अब जवाब देने का समय आ गया है और हमको अब जाती और देश में नहीं बल्कि एक हो कर ऐसी घटनाओं का विरोध करना होगा और बांग्ला देश सरकार को बर्खाश्त होना चाहिए बैठक को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष ज्वालापुर हरविंदर सिंह ने कहा कि बांग्ला देश मे हिन्दूओ का अस्तित्व खतरे मे है महिलाओ पर उस हद तक अत्याचार हो रहे है जो सहन शक्ति से बाहर हो रहे है खुले आम रेप और हत्या हो रही है और बांग्ला सरकार मोन हो कर ऐसे आपराधियो को संरक्षण दे रही है दुनिया भर के देशो को चुपी सन्देह के घेरे में है बांग्ला सरकार आज हिन्दू विरोधी है और दुनिया भर का उसको मोन समर्थन है अब हिन्दू समाज को एक हो जाना पड़ेगा और अपनी लड़ाई खुद लड़नी पड़ेगी बैठक मे मुख्यरूप से ज़िला महामंत्री भारत तलुजा शहर अध्यक्ष कनखल पंकज सवन्नी अध्यक्ष तहसील रोड लखन सिंह अनुराग व्यापारी नेता पुष्पेन्द्र गुप्ता अनिल तेश्वर विशाल माथुर अरविन्द कुमार विजय धिमान आदि कई व्यापारी नेता शामिल रहे

## भूतपूर्व सैनिकों और भारतीय सशस्त्र बलों के शहीदों के सम्मान



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** हर वर्ष की भांति सशस्त्र सेना झण्डा दिवस इस वर्ष भी 07 दिसम्बर 2024 को सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों और भारतीय सशस्त्र बलों के शहीदों के सम्मान, स्मृति एवं सहयोग में जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय हरिद्वार द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने सभी अधिकारी, कर्मचारी व जनपद के सम्मानित नागरिको से झण्डा दिवस में अधिक से अधिक योगदान करने की अपील की है, जिससे शहीद सैनिकों, युद्ध विकलांग सैनिकों, युद्ध विधवाओं, पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ योजनाओं में इसका उपयोग किया जा सके। झण्डा दिवस का शुभारम्भ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर डा० सरिता पंवार (अ० प्रा०) द्वारा जिलाधिकारी महोदय श्री कर्मेन्द्र सिहं को जिलाधिकारी कार्यालय रोशनाबाद में लोपन पिन व झण्डा लगाकर किया गया।

विंग कमांडर डॉ सरिता पंवार ने बताया कि हर साल 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य सशस्त्र सेनाओं के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त करना है। इस दिन एकत्रित धनराशि का उपयोग भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और युद्ध में घायल सैनिकों की सहायता के लिए किया जाता है।

## शेफील्ड स्कूल में नवनिर्वाचित छात्र परिषद को एआरटीओ कृष्ण ने दिलाई शपथ

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**पिरान कलियर।** शेफील्ड स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल परिषद के 3 कप्तान हाउस कप्तान सहित कई पदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजन किया गया। शेफील्ड स्कूल रुड़की में छात्रों के परिषद का गठन किया गया। शनिवार को सपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एआरटीओ कृष्ण और ट्रैफिक इंस्पेक्टर जगदीश दत्ता व स्कूल के निदेशक डीके शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर एआरटीओ ने स्कूल अलंकरण समारोह में स्कूल कप्तान, एक्टिविटी कप्तान, स्पोर्ट कप्तान और हाउस कप्तान ,हाउस उप कप्तान और परिषद के विभिन्न पदों पर नियुक्ति छात्राओं को शपथ दिलाई। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। हाउस फ्लैग, स्कूल फ्लैग के बीच शेफील्ड स्कूल के बच्चों ने मार्च पास्ट किया। एआरटीओ ने सड़क सुरक्षा के लिए सभी छात्र छात्राओं और चालक परिचालकों सहित समस्त अध्यापकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई इस अवसर पर परिवहन




विभाग के अधिकारियों सहित एआरटीओ और ट्रैफिक इंस्पेक्टर जगदीश दत्ता द्वारा बच्चों व स्कूल के परिवहन विभाग को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर स्कूल निदेशक डीके शर्मा ने अपने संबोधन में छात्र छात्राओं को आवाहन करते हुए कहा कि सभी छात्रों को हाउस व्यवस्था को अपनाने का उद्देश्य छात्रों में टीम भावना के सहयोग में अनुशासन को विकसित करना है। इस अवसर पर स्कूल के चैयरमेन डॉक्टर राहुल बिश्नोई ने कहा कि छात्र परिषद बनने से स्कूल में अनुशासन बनता है।

उन्होंने इस अवसर पर सभी परिषद के सभी नवनिर्वाचित छात्रों को बधाई दी। इस अवसर पर सभी हाउस के हाउस टीचर स्टाफ सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

## ईवीएम व वीवीपैट मशीन का जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने शनिवार को निरीक्षण किया



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** कलेक्ट्रेट स्थित वेयरहाउस में रखे ईवीएम व वीवीपैट मशीन का जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने शनिवार को निरीक्षण किया। वेयरहाउस के त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण के दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम और वीवीपैट की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ईवीएम वीवीपैट मैनुअल के अनुसार ईवीएम वीवीपैट के भंडारण, रखरखाव और सुरक्षा के संबंध में सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयरहाउस के प्रभारी पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी पीएल शाह,बिन्दर पाल भाजपा मंडल उपाध्यक्ष , राजीव गर्ग सीपीआई (एम), ई० अनिल चौधरी जिला अध्यक्ष बीएसपी, तुलसी राज बीएसपी, धनराज प्रभारी बीएसपी आदि उपस्थित थे।

## एएसपी जितेन्द्र मेहरा (ips)के नेतृत्व में सिडकुल की आईटीसी कंपनी पहुंची साईबर सेल टीम हरिद्वार

### कम्पनी के अधिकारी एंव कर्मचारियों को साईबर फ्रॉड के बारे में किया जागरुक

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** एएसपी/ सदर/नोडल ऑफिसर साईबर सेल जितेन्द्र मेहरा अपनी साइबर टीम के साथ आईटीसी कंपनी पहुंचकर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को साईबर फ्रॉड एंव अन्य कानून के संबंध में विस्तृत से जागरुक किया'

श्री मेहरा द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों को वेतन खातों, एटीएम कार्ड, एटीएम पिन डालते समय सावधानी, डिजिटल अरेस्टिंग, स्ट्रांग पासवर्ड, समय-समय पर पासवर्ड चेंज करना, हुबहू दिखने वाली एप/ईमेल/वेबसाइट से सावधानी, ऑनलाईन फर्जी लोन एप से लोन न लेने सम्बन्धी, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, घर बैठकर जॉब/रुपये कमाने के नाम पर होने वाली धोखाधडी, सोशल मीडिया पर ’ी करने के नाम पर मिलनी वाली जॉब, ६ँ३२स्त्र/क्ल्ल२३१ें/३ी ीें ग्रुपों में शामिल कर रुपयों की इन्वेस्टमेंट के नाम पर हो रही धोखाधडी, हॉस्पिटल में भर्ती परिचित व्यक्ति के ईलाज के नाम पर, रुपये दुगुने करने के नाम पर, पेमेंट एप के माध्यम से भुगतान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही विभिन्न सोशल मीडिया ऐप में टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन की प्रक्रिया के संबंध में जागरुक किया। एएसपी सदर व साईबर सेल टीम के अधिकारियों व



कर्मचारियों को हाल-फिलहाल जनपद व अन्य स्थानों पर घटित हुए साईबर फ्रॉड के बड़े मामलो की जानकारी देते हुए उक्त घटनाओं में पीड़ित द्वारा बरती गई लापरवाही के बारे में बताया। कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अज्ञात अकांउट के माध्यम से किए जाने वाले हनी ट्रैप संबधी ठगी व ब्लैकमेल प्रकरणों में विशेष सावधानी बरतने के लिए भी चेताया एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु क्या करें/क्या न करें के सम्बन्ध में पम्पलेड वितरित किए गए। इस मौके पर कम्पनी के एचआर हेड़ अल्ताफ हुसेन , फाइनैंस हेड़ दिनेश गोयल, विवेक रावत सिक्योटी हेड , के साथ ही लगभग 110 कर्मी मौजूद रहे जिन्होने पुलिस के इस कार्य को सराहते हुए भविष्य में भी कम्पनी में इस प्रकार का कैम्प लगाने का अनुरोध किया गया।

## आत्महत्या के लिए उकसाना, तथा पोक्सो अधि0 के मामले में फरार आरोपी आया पुलिस की गिरफ्त मे विधिक कार्यवाही जारी



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**मंगलौर,** कोतवाली मंगलौर पर दिनांक 4.12.2024 को मंगलौर निवासी द्वारा स्वयं की पुत्री का घर से स्कूल के लिए जाना व घर वापस न आना के संबंध में बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया।

गुमशुदा की तलाश हेतु एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा टीम का गठन किया गया।

टीम द्वारा गुमशुदा का कॉल डिटेल अन्य की जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ की ग्राम दहियाकी निवासी एक युवक के साथ उक्त गमशुदा बात करती थी ग्राम दहियाकी के निम्न व्यक्ति से जब पूछता की गई तो जानकारी मिली कि उक्त नाबालिक के साथ रवि जो कि शादीशुदा था पिछले वर्ष से प्रेम प्रसंग था रवि शादीशुदा है जिसकी जानकारी पूर्व में गुमशुदा को नहीं थी।

दिनांक 27.11.2024 को जब गुमशुदा द्वारा रवि के साथ शादी करने की बात कही तो आरोपी रवि द्वारा बताया गया कि मैं पूर्व से ही शादी शुदा हूं इस पर गुमशुदा द्वारा नहर में छलांग लगा दी और अपनी जान दे दी। आरोपी को दिनांक 7.12.2024 को पकडते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## उत्तराखंड संस्कृत अकादमी (संस्कृत शिक्षा)



**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार - उत्तराखंड शासन में संस्कृत शिक्षा सचिव, दीपक कुमार गैरोला ने अटल अतिथि गृह, हरिद्वार में संस्कृत अकादमी के अधिकारियों के साथ प्रदेश की द्वितीय राजभाषा संस्कृत के प्रोत्साहन, संरक्षण, संवर्धन और नवीन योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बैठक आयोजित की। बैठक में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की वार्षिक कार्ययोजना 2024-25 की समीक्षा करते हुए सचिव संस्कृत शिक्षा ने राज्य सरकार द्वारा संस्कृत बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने हेतु अकादमी के माध्यम से दी जा रही

गार्गी संस्कृत बालिका छात्रवृत्ति योजना, सभी वर्गों के लिए संस्कृत शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से डाङ्क भीमराव अम्बेडकर संस्कृत अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति योजना, संस्कृत शिक्षा को जन जन तक पहुंचाने के लिए संस्कृत ग्राम निर्माण योजन, संस्कृत संभाषण शिविर और विविध स्थानों के साथ संगोष्ठी व व्याख्यान शीघ्र करने के लिए आदेशित किया गया।

उत्तराखंड राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत हैं इस उद्देश से संस्कृत भाषा को प्रोत्साहन दिए जाने हेतु प्रदेश के सभी विभाग, कार्यालयों के नाम व बोर्ड तथा सभी अधिकारी-कर्मचारियों के नाम व पदनाम हिंदी भाषा के साथ-साथ संस्कृत भाषा में भी लिखें जाएं। उक्त हेतु अकादमी प्रदेश के सभी विभागों व केन्द्रीय कार्यालयों से संपर्क कर अनुवाद कार्य में सहयोग प्रदान करें। संस्कृत शिक्षा सचिव ने संस्कृत भाषा को सार्वभौमिक स्तरीय बनाने के लिए सभी स्तरों पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही संस्कृत विश्वविद्यालय, संस्कृत शिक्षा निदेशालय, संस्कृत शिक्षा परिषद् और संस्कृत अकादमी वर्ष 2047 तक संस्कृत भारत बनाने में अपने-अपने स्तर कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में संस्कृत अकादमी के सचिव डा वाजश्रवा आर्य, डा हरीश गुरुरानी, गणेश फोंदणी,ओमप्रकाश भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## पलटन बाजार व मच्छी बाजार में दो दुकानों में चोरी करने वाला नशेड़ी गिरफ्तार



**मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली**

देहरादून-कोतवाली नगर अंतर्गत मच्छी बाजार व पलटन बाजार में दो दुकानों में 10-12 कोट पैंट, नगदी, नोटो की माला चुराने वाले एक नशेड़ी को पुलिस ने आज चकराता रोड स्थित जनपथ कॉम्पलेक्स के पीछे खण्डर की झाडियों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से चोरी किया गया माल बरामद किया है। अभियुक्त द्वारा चोरी किये गए नगदी से अपनी पूर्व की उधारी चुकाने सहित कुछ पैसों से और नशा खरीदा।

बीती 5 दिसंबर को कोतवाली नगर अंतर्गत मच्छी बाजार व पलटन बाजार में शादियों का सामान बेचने वाली 2 दुकानों में शादी का सामान, नगदी, रुपयों का हार, शेरवानी व 10-12 कोट पैंट आदि चोरी होने के सम्बंध में कोतवाली नगर पुलिस को शिकायत प्राप्त हुई।पुलिस कप्तान अजय सिंह ने बताया कि मामले में पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास व दुकानों को आने जाने वाले हर रास्ते के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले व सभी संदिग्धों जो चयनित किया। पुलिस टीम द्वारा सभी संदिग्धों के विषय में अपने मुखबिरी तंत्रों को सक्रिय किया गया व पूर्व में इस प्रकार की चोरी की घटनाओं में शामिल अभियुक्तो की जानकारी एकत्रित की गई।

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तो की लगातार तलाश करने के क्रम में आज शनिवार को चकराता रोड स्थित जनपथ कॉम्पलेक्स के पीछे खण्डर की झाडियों से अभियुक्त शादाब(23) पुत्र मोहम्मद इद्रीश निवासी वाणी विहार जैन प्लॉट थाना रायपुर जनपद देहरादून को दोनो दुकानों से चोरी किये गये 68 नोटों की माला व 16 हजार रुपये कैश रुपए कैश, 04 दुल्हे की शेरवानी, 08 कोट-पेंट के सेट के साथ गिरफ्तार किया गया।

कप्तान अजय सिंह ने बताया कि अभियुक्त नशे का आदी है व अपने नशे की आवश्यकताओ की पूर्ति करने के लिये उसके द्वारा पलटन बाजार व मच्छी बाजार की दुकानों में चोरी की गई थी।

अभियुक्त द्वारा चोरी में प्राप्त किये गए कुछ पैसों से अपनी पूर्व की उधारी को चुकता किया गया व कुछ पैसे नशा खरीदने के लिए इस्तेमाल किये।

अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी करने पर अभियुक्त का पूर्व में थाना रायपुर से चोरी की अलग-अलग घटनाओं में जेल ज चुका है।

# पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा-राकेश वालिया

**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

**हरिद्वार,** जिला प्रेस क्लब रजि.हरिद्वार की पुराना रानीपुर मोड़ स्थित बैठक में संगठन विस्तार सहित कई निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के अध्यक्ष राकेश वालिया ने कहा कि जिला प्रेस क्लब हरिद्वार पत्रकारों के हित में कार्य करने वाली अग्रणी संस्था है। जिसमें पूरे जनपद के पत्रकार सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से भू माफियाओं, खनन माफियाओं तथा अन्य तंत्र द्वारा पत्रकारों के साथ मारपीट की घटनाएं, झूठे मुकदमे तथा पत्रकारों के हित का हनन किये जाने जैसी घटनाएं घटित हो रही हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रेस क्लब हरिद्वार सिर्फ एक संगठन नहीं पत्रकारों के हित की रक्षा करने वाला एक परिवार है। जिसके हर सदस्य, हर पदाधिकारी के आत्मसम्मान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। इस कर्तव्य को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया जाएगा। महामंत्री अनिल बिष्ट ने बताया कि जनपद के रुड़की तहसील, लक्सर तहसील, तथा भगवानपुर मे जिला प्रेस क्लब की इकाई



बनाकर कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जो उस क्षेत्र के पत्रकारों को जिला प्रेस क्लब हरिद्वार के साथ समाहित कर उनके हितों की रक्षा करने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में नए सदस्यता फार्मो का भी निरीक्षण किया गया है। जिनमें से कई फार्म मे दस्तावेज या अन्य त्रुटि पाई जाने पर आपत्ति लगाई गई है। जिन फार्मो पर आपत्ति लगाई गई है। उन्हें एक माह का समय दिया गया है। एक माह में दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने पर सदस्यता आवेदन पत्र निरस्त कर दिए जाएंगे। कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप ने कहा कि संगठन तेजी से आगे बढ़ रहा है। नए सदस्य निरंतर संगठन के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रेस क्लब हरिद्वार संगठन विस्तार के साथ-साथ संगठन के साथ जुड़ रहे पत्रकारों के हित की रक्षा को लेकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन की कार्यकारिणी द्वारा कई अहम निर्णय भी लिए गए हैं। जिन पर अभी कार्य किया जाना बाकी हैं। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा पत्रकारों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं या अन्य समस्याओं से उत्पन्न होने वाली आर्थिक स्थिति मे मदद के लिए भी योजना बनाकर समाधान करने के लिए कार्य किया जा रहा है।. जिसे आने वाले समय में पत्रकारों के हित में शुरू किया जाएगा। बैठक में केशव चौहान, सनोज कश्यप, संजय बंसल, मुमताज आलम खान, राजू कुमार, नौशाद अली, कमल शर्मा, बाबर खान, मनोज ठाकुर, हिमांशु वालिया, गौरव शर्मा, कमल अग्रवाल, प्रवीण कश्यप, प्रमोद कुमार, मनोज कश्यप, सद्दाम हुसैन, गणेश भट्ट, राकेश वर्मा, सनी तिवारी, अशोक पांडे, इंद्र कुमार शर्मा, रोहित वर्मा, शिप्रा अग्रवाल, चंद्रमोहन गोस्वामी सहित क्लब के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन योजना के तहत विकास भवन के सभागार में जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई

**बैठक में मुख्य समस्या पानी के पाईप लाइन में लीकेज, खोदी गई सड़कें की मरम्मत, पानी की गुणवत्ता से सम्बंधित थी।**

**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

**हरिद्वार ,** क्षेत्रीय विधायक भगवानपुर ममता राकेश ने भगवानपुर ब्लॉक में होने वाले कार्यों की गुणवत्ता और जलापूर्ति के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत न करने पर नाराजगी की जताई। उन्होंने खेलपुर गांव में 5.30 किलोमीटर की सड़क डैमेज हुई जो अभी तक रिपेयर नहीं की गई है, इमलीखेड़ा गांव में टैंक बंद पड़ा है, रायपुर गांव के हर मोहल्ले में पानी की लीकेज है। विधायक पिरान कलियर फुरकान अहमद ने अपने विधानसभा क्षेत्र में भी खोदी गई सड़क ओर जगह जगह टूटी पाइपलाइन को लेकर शिकायत की। झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाती ने अपनी विधानसभा में क्षतिग्रस्त रोड की समस्या बताई है साथ ही कई क्षेत्रों में पाइप लाइन नहीं डाली गई है, कुछ क्षेत्रों में एक साल से सिर्फ पाइप लाइन डालकर छोड़ दी गई है। ज्वालापुर विधायक इंजीनियर रवि बहादुर ने सुभाषगढ़ में नवनिर्मित टंकी के गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई।

जल संस्थान के ईई से जानकारी ली जो पाइप डाले जा रहे हैं उसकी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाएं, साथ ही नई पाइप लाइन बार-बार लीकेज क्यों हो रही है इसका जवाब मांगा। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने जगजीतपुर एवं रावली महदूद में जल संस्थान के प्रति लोगों में बहुत नाराजगी है, और पानी के बल्ब 90 प्रतिशत खराब है साथ ही जगजीतपुर में कैंप लगाया जाए जिससे लोग अपनी शिकायतें दर्ज कर सके, औरंगाबाद के यूनियन स्कूल के बच्चे सड़क खुदी होने के कारण स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, 02 साल पहले जलापूर्ति के लिए सड़क को खोदी गई थी जो अभी तक क्षतिग्रस्त हालत में है, जल निगम के अधिकारी बहुत लापरवाही से काम कर रहे हैं जिसको लेकर सभी विधायकों में नाराजगी है।

एग्जीक्यूटिव इंजीनियर भी विजिट करें और क्वालिटी




भी थर्ड पार्टी से चेक कराए। हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने अपने विधानसभा क्षेत्र कतारपुर में कुछ जगह पानी की सप्लाई काफी कम है, नई एवं पुरानी लाइन आपस में जोड़ दी गई है, और पदार्था क्षेत्र में ट्यूबवेल के लिए पूरा गांव को खोद दिया है जिसमें सिर्फ मिट्टी भर गई है कर छोड़ दी गई है, आमजन को बहुत परेशानी का सामना करना पड रहा है। और गंदे पानी की शिकायत आ रही है और कुछ जगह पानी में कीड़े भी निकल रहे हैं जिसकी तुरंत जांच कराई जाए और सैंपल लेकर टेस्ट के लिए भेजा जाए। टाटवाला गांव में पाइपलाइन नहीं डाली गई है, निरीक्षण कर ये काम भी प्राथमिकता में किया जाए।

जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस भी गांव की जो समस्या आई है उनमें निर्धारित समय पर ही कार्य पूर्ण हो, जो भी अधिकारी कार्यों तय सीमा के अन्तर्गत करने के निर्देश दिए, ओर जो भी कंप्लेंट लिखित में और मौखिक रूप में आई है वह पूर्ण कर के भेंज, जो भी कार्य पूर्ण नहीं कर पाया वह कारण स्पष्ट करें, की कार्य क्यों नहीं पूर्ण हुए उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा कमियां लीकेज में पाई गई है इसमें तकनीकि कमी क्या है , लीकेज क्यों हो रही है और जो मेन रोड है उसे पर तो मरम्मत कर रही हैं लेकिन जो छोटी गलियां है जिससे आमजन निकलते हैं उसकी मरम्मत नहीं हो पा रही है जो क्षतिग्रस्त रोड और बुजुर्ग ओर बच्चों को बहुत दिक्कत होती है आने-जाने में सड़कों की मरम्मत करते समय सावधानी बरतें कि वह समतल रहे जिस कारण से आने-जाने में कोई परेशानी ना हो, बार-बार लोगों से शिकायतें आ रही हैं टोटी (नल) नहीं लगाई,हमने खुद खरीद के लगाई है, जब भी बाहर टोटी लगाई तो घर के मुखिया से रिसीव करा ले अथवा फोटो खींच लें या फिर रसीद दें।

उन्होंने कहा कि अगर पब्लिक हमारे काम से संतुष्ट नहीं है तो हमारा ऑफिस में बैठना व्यर्थ है, यह केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसे हर हाल में बेहतर तरीके से पूर्ण करना है पर यह हमारा फर्ज है कि हम तय समय सीमा के अंदर बेहतर गुणवंता के साथ यह काम पूर्ण करें। 10 सबसे सीनियर अधिकारियों को जल सेवा मिशन के तहत जगह जगह निरीक्षण करने के लिए भेजा सब जगह से शिकायतें मिली है की अच्छी बात नहीं है जनता के लिए काम कर रहे हैं। समस्या आ रही है तो समाधान भी आपको करना है, जो अधिकारी लापरवाही करता है तो है उस पर कार्रवाई भी की जाएगी।

बैठक में विधायक झबरेडा वीरेंद्र जाति, विधायक हरिद्वार ग्रामीण अनुपमा रावत,विधायक रानीपुर आदेश चौहान,विधायक ज्वालापुर रवि बहादुर, विधायक भगवानपुर ममता राकेश, विधायक पीरान कलियर फुरकान अहमद, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, सहित जलसंस्थान के एई, बिजली विभाग के जेई एवं पीडब्लूडी के एई सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# वेस्ट फ्लावर मैनेजमेंट गतिविधि के लिए जिला परियोजना प्रबंधक ग्रामोत्थान परियोजना के द्वारा सीएलएफ के पदाधिकारियों एवं स्टाफ के साथ बैठक संपन्न

**मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता**

**हरिद्वार,** जिला परियोजना प्रबंधक, ग्रामोत्थान परियोजना द्वारा आज जिला कार्यालय विकास भवन, हरिद्वार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त जिला स्तरीय स्टाफ, 2 सीएलएफ (श्रद्धा और स्वागत) के बीओडी मेंबर्स एवं सीएलएफ स्टाफ ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ₹वेस्ट फ्लावर मैनेजमेंट गतिविधि₹ के बारे में विस्तृत जानकारी देना और इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए रणनीति तैयार करना था। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा दिए गए निदेर्शों पर चर्चा की गई, जिसमें वेस्ट फ्लावर मैनेजमेंट के तहत जिले के पूजा स्थलों, बारात घरों, आश्रमों और खेतों में फेंके गए फूलों के कचरे का पुनः उपयोग करने का महत्व बताया गया। इस नवाचारी गतिविधि का उद्देश्य इन कचरों को उत्पादक वस्तुओं में बदलना है, जैसे अगरबत्ती, जैविक खाद, और सजावटी वस्तुएं। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि जिले में रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगी।



**रणनीति और कार्य योजनाः-**

बैठक में वेस्ट फ्लावर मैनेजमेंट को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की गई। सभी बीओडी मेंबर्स और सीएलएफ स्टाफ को उनके कार्य और जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से आवंटित की गईं।

संग्रहण टीमः पूजा स्थलों और अन्य स्त्रोतों से फूलों को संग्रह करेगी। प्रसंस्करण टीमः इन फूलों को पुनर्चक्रित कर उपयोगी उत्पादों में बदलने का कार्य करेगी। विपणन टीमः तैयार उत्पादों को बाजार में बेचेगी और विपणन सुनिश्चित करेगी। जिला परियोजना प्रबंधक ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित जानकारी और प्रारंभिक रिपोर्ट तीन दिनों के भीतर जिला कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए। इस प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**पर्यावरण और रोजगार पर प्रभावः-**

यह पहल हरिद्वार जिले के लिए एक अनोखा कदम है, जो न केवल पर्यावरणीय कचरे के प्रबंधन में मदद करेगा बल्कि लगभग 440 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान करेगा। यह गतिविधि जिले की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायक होगी और हरिद्वार को नवाचार के क्षेत्र में एक उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

**समापनः-**

बैठक का समापन जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनके कार्य के प्रति प्रोत्साहन और धन्यवाद के साथ हुआ। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें ताकि वेस्ट फ्लावर मैनेजमेंट गतिविधि को समयबद्ध और सफलतापूर्वक लागू किया जा सके। वेस्ट फ्लावर मैनेजमेंट हरिद्वार जिले में पर्यावरणीय स्थिरता और रोजगार सृजन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे जिले को राष्ट्रीय स्तर पर नवाचारी परियोजनाओं में एक नई पहचान मिलेगी।

# जनमानस के द्वारा जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण करना है शिविर उद्देश्य यह प्रक्रिया निंरतर रहेगी गतिमानः डीएम

## फील्ड के अधिकारी बढाएं जनमानस से संवाद, तभी क्षेत्र की समस्याओं से होंगे वाकिफः डीएम

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**देहरादून,** (जि.सू.का.) जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में इन्टर कॉलेज थानों में आयोजित बहुदेशीय शिविर का आयोजन किया। शिविर में मा0 विधायक डोईवाला बृजमोहन गेरोला द्वारा बतौर विशेष अतिथि प्रतिभाग किया। शिविर का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में स्थानीय लोगों द्वारा जिलाधिकारी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी का तीन माह के भीतर दूरस्थ क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर जनमानस की समस्या का निस्तारण करने का कार्य लगातार गतिमान है। तीन माह में यह 05 शिविर है जहां उनके द्वारा सीधे जनमानस से संवाद कर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है, तथा यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। बहुउद्देशीय शिविर में विशेष अतिथि मा0 विधायक डोईवाला बृजभूषण गैरोला ने कहा कि डीएम द्वारा कार्यभार ग्रहण करते ही विभिन्न क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर समस्याएं निस्तारित की जा रही हैं जो कि बहुत अच्छी पहल है। डीएम को क्षेत्र में बुलाने के अनुरोध पर उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित करते कार्यक्रम रखने को कहा था ताकि दूरस्थ क्षेत्र में जनमानस को इसका लाभ मिल सके। शिविर का उद्देश्य जनमानस की आवश्यकता के अनुसार विकास तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने



जिलाधिकारी एवं सम्पूर्ण जिला प्रशासन की टीम को इसके लिए आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों से भी क्षेत्र के विकास हेतु विभागों अधिकारियों से समन्वय की अपेक्षा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनमानस को सुगमता प्रदान करना हमारा पहला दायित्व है, इसी परिपेक्ष्य बहुउ्देशीय शिविर आयोजित करते हुए जनमानस से सीधे संवाद करना तथा विकास योजनाको धरातल लाने में आ रही कठिनाइयों का निराकरण करना है। शिविर में अधिकतर शिकायतों मौके पर निस्तारित कर ली जाती हैं तथा कई शिकायत शासन तथा भारत सरकार स्तर से निस्तारण की होती हैं, जिन पर समय लगता है ऐसी शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारण हेतु सम्बन्धित स्तर पर भेजा जाता है। कुछ शिकायतें ऐसी हैं, जिन पर विभाग से प्रस्ताव/आख्या आनी होती हैं ऐसी शिकायतों के निस्तारण हेतु शिकायत की प्रवृत्ति के अनुसार 15 दिन से 1 माह का समय दिया जाता है। तथा निर्धारित अवधि में शिकायत के निस्तारण प्रभावी कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों से ही पूछा कितने समय में करोगे निस्तारण, अधिकारियों द्वारा बताए गए समय 15 दिन देते हुए कहा कि समयावधि का रखें ख्याल। जनकल्याणकारी योजनाओं के ओवदन की प्रक्रिया मौके पर ही पूर्ण करवाई, मौके पर ही जारी हुए जाति, आय, चरित्र प्रमाण पत्र, यूआईडी पंजीकरण मौके पर ही प्रक्रिया पूरी करवाई कार्यालयों के लाभार्थियों को कार्यालयों के चक्कर नही लगाने पडेंगें। कृषि उपकरण की मरम्मत को नहीं भटकेंगे किसान, जिला योजना से मैकेनिक की व्यवस्था करने की स्वीकृति। थानों चौक पर खराब हाईमास्क लाइट को ठीक कराने के विद्युत विभाग को निर्देश, मौके पर दी धनराशि की स्वीकृति। वहीं क्षेत्रवासियों की मांग पर थानों तक स्मार्ट सिटी बस संचालन के अनुरोध पर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को फाइल पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश। सनगांव वासियों द्वारा नाहीकला सड़क निर्माण में वन विभाग क्षेत्र सड़क निर्माण की अनुमति के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्रामीणवासियों की मांग पर थानों चौक में बैंक एटीएम लगवाने के निर्देश एलडीएम को दिए। वहीं थानों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के उच्चीकरण के सम्बन्ध में मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ चिकित्सा स्टॉप बढाने की ग्रामीणों की मांग पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के शिविर में 350, लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, 45 लोगों की नेत्र जांच, 40 चश्मे वितरित किए, 50 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, रक्त जांच सीकल जांच करवाई गई। आयुष विभाग द्वारा 180 लोगों की स्वास्थ्य जांच दवाई वितरित की गई। शिविर में बाल विकास विभाग द्वारा 15 किशोरी किट, 15 कुपोषित किट,15 बेबी किट, 4 महालक्ष्मी किट, 10 स्टेशनरी किट वितरित की गई। राजस्व विभाग द्वारा 1 जाति प्रमाण पत्र, 1 स्थायी प्रमाण पत्र सहित, 3 आय प्रमाण पत्र निर्गत किए गए कुल 14 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। समाज कल्याण विभाग 1 पेंशन आवेदन सहित 11 लाभार्थी रहे। पंचायती राज विभाग 16 परिवार रजिस्टर की नकल, 3 नए राशन कार्ड बने 2 में संशोधन किए गए। श्रम विभाग द्वारा 180 किट, सैनटरी नैपकिन, छाता, कंबल, वितरित किए गए। तथा श्रम विभाग के स्वास्थ्य काउन्टर पर 65 लोगों की रक्त जांच की गई। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा 7 व्हीलचेयर वितरित की गई, 3 यूडीआईडी कार्ड पंजीकृत किए गए, 25 आधार कार्ड पंजीकृत किए गए तथा 10 आधार कार्ड बनाए गए। कृषि विभाग द्वारा 10 कृषि समूहों को उपकरण एवं 36 किसान सम्मान निधि चैक वितरित किए गए इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जया बलूनी, उप जिलाधिकारी अपर्णा ढौंडियाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय जैन, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, तहसीलदार सोहन सिंह रांगड़, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास जितेन्द्र कुमार सहित समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले युवाओं के परिजनों से पुलिस कप्तान ने फोन पर की वार्ता,बच्चो का नियमो के प्रति रवैया का लिया फीडबैक

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

**देहरादून-ः** दून के युवाओं को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने व नियम तोड़ने पर जरूरत पड़ने पर सख्ती व उसके उपरांत एक अभिभावक व मित्र बनकर उनके परिजनों से फोन पर बात कर उनके बच्चो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को उन्हें खुद से आगे आकर समझाने का आवाहन किया जा रहा है। जिस क्रम में दून पुलिस द्वारा बीते एक हफ्ते में शहरभर के अलग अलग थानों में कई युवाओं के चालान किये,जिनमे बिन हेलमेट के गाड़ी चलाने, ट्रिपल राइड,रैश ड्राइविंग, ओवर स्पीड, स्टंट बाइकिंग, मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग, नाबालिग द्वारा वाहन चलाने वाले चालान प्रमुख रहे। वहीं पुलिस कप्तान अजय सिंह की टीम द्वारा बीते एक हफ्ते में की गई इस कार्यवाही में आज शनिवार को अजय सिंह द्वारा पुलिस द्वारा जिन युवाओं के चालान काटे गए थे उनके परिजनों से स्वयं से फोन पर बात कर अब उनके बच्चों का "यातायात नियमो को मानने" के प्रति नजरिये को जाना, जिसमे सभी अभिभावको द्वारा उनके बच्चो




का अब गाड़ी चलाते हुए अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर ही गाड़ी चलाने व ट्रिपल राइड न किया जाना,स्टेंटिंग न करने आदि बताया। इस दौरान पुलिस कप्तान द्वारा कुछ 'माइनरो'के अभिभावको को उनके बच्चो को किसी भी सूरत में वाहन न देने का आवाहन किया।पुलिस कप्तान द्वारा अभिभावको से अभी हाल ही में नवंबर में ओएनजीसी चौक में हुए हादसे में युवाओं के जान गवाने वाले हादसे से सबक लेते हुए अपने बच्चो की जिंदगी के लिए उन्हें अनजाने में वाहन न देने को कहा।

उन्होंने आवाहन किया कि बच्चो के बलिक होने पर ही उन्हें निर्धारित टेस्ट के उपरांत लाइसेंस दिलवाने के बाद ही वाहन दे। पुलिस कप्तान द्वारा अभिभावको को उन्हें अपने बच्चों से स्वयं से बात कर उन्हें यातायात नियमो की जानकारी देने को कहा। पुलिस कप्तान व उनकी टीम द्वारा बच्चो पर इस कार्यवाही व मित्र बनकर उन्हें समझाने की इस अभिनव पहल की अभिभावको व अन्य लोगो द्वारा प्रशंसा की जा रही है व उनकी इस मुहिम में सहयोग देने को आश्वस्त किया गया। गौरतलब है कि 1 दिसंबर से शुरू हुए पुलिस कप्तान की टीम के इस विशेष अभियान के दौरान देहरादून पुलिस द्वारा विगत एक सप्ताह में यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 1651 युवाओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिसमे बिना हेलमेट के 852, रेस ड्राइविंग/ओवर स्पीडिंग में 38, ड्रंक एंड ड्राइव में 21, नाबालिक द्वारा वाहन चलाने में 21 तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने में 719 युवाओं के चालान किये गये है।

# पुलिस कप्तान अक्षय ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

खाकी एक अनुशासित बल है, जिसको ड्यूटी के दौरान मानसिक रूप से फिट रहने सहित शारीरिक रूप से फिट रहने की मांग करता है। जिस क्रम में रुद्रप्रयाग पुलिस की फिटनेस, अनुशासन, शस्त्राभ्यास, शस्त्रों की जानकारी, ड्रिल इत्यादि की जानकारी बनाए रखने व पुलिस कार्मिकों की कार्य क्षमता परखने हेतु प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया जाता है। जिस दौरान आज शुक्रवार को पुलिस कप्तान अक्षय कोंडे पुलिस लाईन रतूड़ा में पुलिस परेड के निरीक्षण पर पहुँचे। पुलिस कप्तान द्वारा परेड का मान प्रणाम ग्रहण करने के बाद परेड निरीक्षण व पुलिस कार्मिकों की कवायद (ड्रिल) अभ्यास व शस्त्राभ्यास का निरीक्षण कर पायी गयी कमियों को दुरुस्त किए जाने के निर्देश निर्गत किए जाते हैं।

अक्षय कोंडे ने परेड में उपस्थित समस्त पुलिस कर्मियों की साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा अच्छा टर्नआउट बनाए रखने के निर्देश दिए गए। पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु हल्की दौड़ के साथ शुरूआत करने के उपरान्त अलग-अलग टोलीवार ड्रिल करवाई गई। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन की सभी मदों का निरीक्षण कर आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टरों को चेक किया व गार्द/सुरक्षा ड्यूटी के सम्बन्ध में सभी गार्द कमाण्डरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तदोपरान्त पुलिस लाइन सभागार में उपस्थित कार्मिकों का मासिक सम्मेलन लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सभी प्रभारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया गया कि अधीनस्थों के कल्याण विषयक कार्यों का विवरण शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाये। बढ़ती ठंड के दृष्टिगत सर्दी के मौसम में स्वयं का ध्यान रखते हुए कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।सम्मेलन के उपरान्त उनके द्वारा लम्बित अपराधों की थानावार समीक्षा कर लम्बित विवेचनाओं का गुणवत्तापरक निस्तारण किये जाने, शिकायती प्रार्थना पत्रों का उचित निस्तारण करने, प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने, विभिन्न प्रचलित अभियानों में सार्थक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों को निरन्तर चेक कर सूचनाओं को अपडेट करने के निर्देश दिये गये। ठंड के मौसम में सांयकाल शराब पीकर वाहन संचालन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।आज की परेड, मासिक सम्मेलन व अपराध समीक्षा गोष्ठी अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग प्रबोध घिल्डियाल, प्रतिसार निरीक्षक विकास पुण्डीर, यातायात निरीक्षक श्याम लाल, एसएचओ सोनप्रयाग देवेन्द्र सिंह असवाल, एसएचओ ऊखीमठ मुकेश चौहान, वाचक पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र बलूनी, प्रभारी निरीक्षक सहित पुलिस कार्यालय की शाखाओं के शाखा प्रभारी व अधीनस्थ कार्मिक तथा पुलिस लाइन के समस्त कार्मिकों सहित कुल 80 पुलिस कार्मिक उपस्थित रहे।

# दून पुलिस ने नकबजन बाज पति पत्नी को किया गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

**देहरादून**ःराजधानी के नेहरू कालोनी व बसन्त विहार क्षेत्र में हुई नकबजन बाज को दून पुलिस ने पत्नी सहित गिरफ्तार किया है।

जानकारी हो कि बीती 24 नवम्बर को शिकायतकर्ता भगत सिंह रावत निवासी मकान नंबर 272 लाइन नंबर 3 सारथी बिहार नेहरू कॉलोनी द्वारा थाना नेहरू कालोनी पर शिकायत दर्ज करवाई कि उनके घर से अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि में खिड़की तोड़कर नगदी व कुछ सफेद धातु के सिक्के चोरी कर लिये हैं।

उक्त चोरी की घटना को देखते हुए एसएसपी देहरादून अजय सिंह द्वारा उक्त चोरी की घटना का जल्द से जल्द खुलासे हेतु पुलिस टीम गठित करने के निर्देश दिए गए।

जिस क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आस-पास व आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का अवलोकन कर संदिग्धों के हुलिये के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की गयी, साथ ही सुरागरसी पतारसी करते हुए संदिग्धों के हुलिये से स्थानीय मुखबिरों को अवगत कराते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।

इसके अतिरिक्त पुलिस टीम द्वारा पूर्व में इस प्रकार नकबजनी की घटनाओं में सम्मिलित रहे अभियुक्तों की वर्तमान स्थिती के सम्बन्ध में जानकारियां एकत्रित की गयी तथा इस प्रकार के अपराधों में न्यायालय में तारीखों पर आए अभियुक्तों के बारे में जानकारियां जुटाई गई तो पुलिस टीम को जानकारी प्राप्त हुई कि गैर प्रान्त के कुछ नकबजन घटना की तारीख के आस-पास



देहरादून कोर्ट में पेशी पर आए हुए थे जो बंद घरों के नकबजनी को अंजाम देते हैं उक्त अभियुक्तों के संबंध जानकारी करने पर उनका सहारनपुर मुरादाबाद बिजनौर बरेली आदि जनपदों से पेशी में आना ज्ञात हुआ। जिस पर मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए उक्त व्यक्तियों के सम्बन्ध में जानकारियां एकत्रित की गयी तो उनमे से एक नकबजन प्रमोद पाल(उम्र46)पुत्र नेक लाल पाल निवासी रहतुलियां थाना अंबाला जिला बरेली के कुछ समय पूर्व हरिद्वार तथा देहरादून क्षेत्र में सक्रिय होने की जानकारी मिली। जिसकी तलाश हेतु मुखबिर खास को मामूर किया गया मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त व अभियुक्त की पत्नी को चोरी के नगदी व सामान के साथ अंबाला बरेली से गिरफ्तार किया गया। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि अभियुक्त प्रमोद पाल पूर्व में देहरादून में बसंत विहार क्षेत्र में किराए पर रहता था तथा मजदूरी इत्यादि का कार्य करता था वर्ष 2017 तथा वर्ष 2020 में कैंट थाना क्षेत्र में अलग-अलग चोरी की घटनाओं में जेल जा चुका है। जेल से छूटने के बाद अभियुक्त वापस अपने घर रहटुया जिला बरेली चला गया था तथा वहीं रह रहा था। वहां कोई काम-धंधा न मिलने के कारण पैसों की आर्थिक तंगी से गुजर रहा था,जिस पर 26 अक्टूबर को अभियुक्त घर से काम की तलाश में पुनः देहरादून आ गया, इस दौरान अभियुक्त द्वारा विजय पार्क बसंत विहार क्षेत्र में अक्टूबर माह में एक बंद घर में ताला तोड़कर वहां चोरी की घटना को अंजाम दिया तथा उसके बाद वापस अपने गावं चला गया।

एसएसपी देहरादून ने आगे बताया कि बीती 22 नवंबर को अभियुक्त पूर्व के मुकदमों में न्यायालय में तारीख पर वापस देहरादून आया था, किंतु पैसे खत्म हो जाने के कारण वह तारीख पर उपस्थित नहीं हुआ।

अभियुक्त रेलवे स्टेशन पर उतरकर बसन्त विहार क्षेत्र में घूमते हुए बल्लूपुर से घंटाघर उसके बाद रिस्पना पुल तक गया,इस दौरान अभियुक्त द्वारा रिस्पना पुल के पास सारथी विहार में एक बन्द घर को चिन्हित किया तथा रात्रि में उक्त घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया।

घटना को अंजाम देने के बाद अभियुक्त घटना में प्राप्त नगदी तथा अन्य सामान को लेकर वापस अपने गांव चला गया। जहाँ उसके द्वारा घटना के बारे में अपनी पत्नी विमलेश(उम्र 42)पत्नी प्रमोद पाल निवासी ग्राम रहदुईया थाना आवला जिला बरेली,को बताते हुए नगदी तथा सामान उसे दिया गया, जिसे अभियुक्त की पत्नी द्वारा छुपाया गया था।

# माफी मांगने चले आये माहरा

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून। उत्तराखण्ड में कांग्रेस के कुछ छत्रपों पर बयानवीर, हारवीर का तो वर्षों से दाग लगता ही आ रहा है और जिस तरह से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चंद दिन पूर्व पुलिस लाइन मे पत्रकारों के साथ हुये बवाल के बाद पत्रकारों के निशाने पर आये और सोशल मीडिया पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेसियों द्वारा किये गये पत्रकारों से अभद्र व्यवहार को लेकर जब उनकी सोशल मीडिया पर खूब किरकिरी होने लगी तो प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर घटना को लेकर खेद जताया और इस पूरे बवाल का ठीकरा उन्होंने राजधानी पुलिस पर डाल दिया था। प्रेस क्लब ने आपातकाल बैठक बुलाकर तीन दिन के भीतर प्रदेश अध्यक्ष को क्लब में आकर माफी मांगने का अल्टीमेटम दिया था। पत्रकारों द्वारा दिये गये अल्टीमेटम से प्रदेश अध्यक्ष इतना घबरा गये कि वह आज पत्रकारों से माफी मांगने के लिए प्रेस क्लब चले आये। सवाल उठता है कि प्रदेश अध्यक्ष जो कि पत्रकारों से हुये बवाल को लेकर सोशल मीडिया पर खेद जता चुके थे तो उन्हें ऐसा कौन सा भय सता गया कि वह प्रेस क्लब मे माफी मांगने के लिए आज वहां चले आये और उससे यह साफ हो गया कि पत्रकारों से हुये बवाल में कांग्रेस के कुछ लोग ही दोषी थे?

आज सुबह कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा उत्तरांचल प्रेस क्लब पहुंचे जहां उन्होंने चंद दिन पूर्व पत्रकारों के साथ हुये बवाल को लेकर माफी मांगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बवाल को लेकर माफी मांगने के बाद पत्रकारों और कांग्रेस के बीच हुये सारे विवाद का आज अंत भी हो गया। वहीं सवाल यह तैर रहे हैं कि जब पत्रकारों और कांग्रेसियों के बीच पुलिस लाइन मे विवाद हो रहा था तो उस समय कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का पत्रकारों को लेकर उग्र रूप कहीं न कहीं उनकी राजनीति पर एक सवालिया निशान लगा गया था? सवाल उठे थे कि जो पत्रकार रात-दिन राजनीतिक दलों के साथ संवाद करते हुए नजर आते हैं और उनकी पत्रकार वाताओं में उनके द्वारा की गई बातों को वह अपनी लेखनी में परोसते रहे हैं तो फिर चंद दिन पूर्व पुलिस लाइन में आखिर ऐसा क्या हो गया था कि जो प्रदेश अध्यक्ष समूची कांग्रेस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं वह पत्रकारों के सामने एक उग्र रूप मे अपनी दबंगई दिखाने के लिए आगे बढ आये थे?

पुलिस लाइन में पत्रकारों के साथ हुये कांग्रेसियों के बवाल की चिंगारी सोशल मीडिया पर खूब दिखाई दी थी और हर तरफ इस बवाल को लेकर कांग्रेसियों को कटघरे मे खडा किया जा रहा था और सबसे ज्यादा प्रहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा पर हो रहा था। सवाल खडे हो रहे थे कि अगर कांग्रेस के कुछ लोग पत्रकारों के साथ बवाल करते तो उसका इतना शोर शायद नहीं मचता लेकिन वहां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष खुद पत्रकारों के साथ आक्रामक मुद्रा मे जिस तरह से नजर आये थे उससे करन माहरा पत्रकारों के निशाने पर आ गये थे। कांग्रेसियों द्वारा पत्रकारों के साथ किये गये बवाल को लेकर पत्रकार जगत मे काफी आक्रोश पनप रहा था और उत्तरांचल प्रेस क्लब ने एक आपातकालीन बैठक कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा को अल्टीमेटम दिया था कि वह तीन दिन के भीतर प्रेस क्लब मे आकर माफी मांगे। पत्रकारों के इस अल्टीमेटम के बाद आज कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा सीधे उत्तरांचल प्रेस क्लब पहुंचे और उन्होंने पुलिस लाइन मे हुई घटना को लेकर माफी मांगी जिससे पिछले कुछ दिनों से पत्रकारों और कांग्रेसियों के बीच चला आ रहा विवाद खत्म हो गया।

## उत्तरकाशी पुलिस का यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त अभियान जारी



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उत्तरकाशी,** जिला पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम ने कल देर सायं हेल्कोमीटर के साथ वाहन चैकिंग अभियान चलाया। इस अभियान में विशेषकर शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरलोडिंग एवं बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। चैकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 23 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन न चलाने, ओवरलोडिंग न करने एवं दोपहिया वाहन पर हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही, सुरक्षा के दृष्टिगत वाहनों पर रिप्लेकर भी लगाए गए। उत्तरकाशी पुलिस का यह अभियान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस द्वारा की जा रही इस सख्त कार्रवाई से न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अंकुश लगेगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। इस प्रकार के अभियान से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और यातायात नियमों का पालन करने की प्रवृत्ति में सुधार होगा।

## उत्तरकाशी में पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान, 5 मकान मालिकों पर कार्रवाई



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उत्तरकाशी**, पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल के निर्देशन में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने, संदिग्धों की निगरानी एवं बाहरी प्रान्तों/राज्यों से आए व्यक्तियों के शत-प्रतिशत पुलिस सत्यापन करवाये जाने को लेकर आज कोतवाली उत्तरकाशी पुलिस द्वारा उत्तरकाशी, जोशियाड़ा एवं ज्ञानसू क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा गैर प्रान्तों से आए बाहरी व्यक्तियों, मजदूरों, फड़-फेरी, रेड़ी/ठेले लगाने वाले 80 व्यक्तियों/किरायेदारों के सत्यापन प्रपत्र भरकर जांच हेतु भेजे गये तथा किरायेदारों के सत्यापन न करने वाले 5 मकान मालिकों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गयी।

सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस द्वारा सभी को अपने किरायेदारों के शतझप्रतिशत सत्यापन करवाने हेतु जागरूक किया गया तथा बाहर से आकर मजदूरी, फडझफेरी करने व घरेलू नौकर के रूप में कार्य करने वालों से अपना पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने की हिदायत दी गयी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करना है। पुलिस अधीक्षक सरिता डोबाल ने बताया कि इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे ताकि उत्तरकाशी में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने मकान मालिकों से अपील की कि वे अपने किरायेदारों का समय पर सत्यापन करवाएं और पुलिस का सहयोग करें। इस अभियान के दौरान पुलिस ने स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया और उन्हें अपने आसपास के संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस का यह कदम उत्तरकाशी में सुरक्षा और शांति बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## उत्तरकाशीः 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वालों के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 8-10 दिसंबर तक

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उत्तरकाशी,** जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने समस्त उपजिलाधिकारियों व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत को निर्देशित किया है कि अपने संबंधित नगर निकायों में विशेष अभियान चलाकर संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों में उन सभी पात्र व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाए जो 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं।

शासन के निदेर्शानुसार इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि विशेष अभियान चलाकर संबंधित प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की नामावलियों में पात्र व्यक्तियों के नाम सम्मिलित करने के लिए मतदान केन्द्र व स्थलवार दिनांक 08, 09 व 10 दिसंबर 2024 को संगणको व कर्मचारियों को तैनात करेंगे तथा उक्त अवधि में प्राप्त होने वाले प्रस्तावों की जांच कर संस्तुति सहित जिला निर्वाचन अधिकारी को आगामी 12 दिसंबर तक उपलब्ध कराएंगे।

## उत्तरकाशी पुलिस ने 80 बाहरी व्यक्तियों का किया सत्यापन, 5 मकान मालिकों के चालान



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

उत्तरकाशी बाहरी राज्यों से आये व्यक्तियों के चलते प्रदेश में आपराधिक गतिविधियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए उत्तराखंड पुलिस द्वारा अलग अलग जनपदों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में आज शनिवार को कोतवाली उत्तरकाशी पुलिस द्वारा उत्तरकाशी,जोशियाड़ा एवं ज्ञानसू क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा गैर प्रान्तों से आए बाहरी व्यक्तियों /मजदूरों/ फड़-फेरी, रेड़ी/ठेले लगाने वाले 80 व्यक्तियों/ किरायेदारों का मौके पर ही सत्यापन प्रपत्र भरकर जांच हेतु भेजे गये। पुलिस टीम द्वारा इस दौरान किरायेदारों का सत्यापन न करवाने वाले 5 मकान मालिकों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्यवाही की। उत्तरकाशी पुलिस द्वारा क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वह अपने घरो, दुकानों व प्रतिष्ठानो में कार्य करने वाले बाहरी राज्यों के व्यक्तियों का सत्यापन अवश्य करवाये व पुलिस का सहयोग करें।

## सहायक अभियंता विकास विभाग हरिद्वार ने गांव पहुंचकर विकास कार्यों की जांच की

मिशन नेशनल न्यूज / नाथीराम कश्यप

लक्सर,उत्तराखंड, जसपुर रणजीतपुर गांव में ग्राम प्रधान द्वारा किए गए विकास कार्यों में धांधली की शिकायत ग्रामीणों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी से की गई थी। शिकायत पर सहायक अभियंता विकास विभाग हरिद्वार ने गांव पहुंचकर विकास कार्यों की जांच की है। ग्राम पंचायत बाककरपुर के जसपुर रणजीतपुर गांव में ग्राम प्रधान द्वारा किए गए विकास कार्यों में धांधली करने की ग्रामीणों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार से शिकायत की गई थी। ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत करते हुए जसपुर रणजीतपुर गांव में ग्राम प्रधान द्वारा किए गए विकास कार्यों की जांच करायें जाने की मांग की थी।



### ग्रामीणों की शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे

ने विकास विभाग हरिद्वार के सहायक अभियंता अनिल कुमार जैन को जसपुर रणजीतपुर गांव में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच के लिए आदेशित किया था। मुख्य विकास अधिकारी के निदेर्शानुसार शनिवार को विकास भवन हरिद्वार के सहायक अभियंता अनिल कुमार जैन जसपुर रणजीतपुर गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जसपुर रणजीतपुर गांव में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच की। विकास विभाग के सहायक अभियंता अनिल कुमार जैन ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर जसपुर रणजीतपुर गांव में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच की गई है। ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों के रिकॉर्ड मंगवाए गए हैं। मामले की जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिकारी को प्रेषित की जाएगी। जांच के दौरान दर्जनों ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे। ग्राम प्रधान प्रतिभा चौहान का कहना है कि जसपुर रणजीतपुर गांव में विकास कार्य सही प्रकार मानकों के अनुसार कराए गए हैं। ग्रामीणों के आरोप निराधार हैं।

## सर्दी के मौसम में अपने कपड़े जरूरतमंदों को जरूर दें- जरनैल सिंह

### सर्दी में गर्म कपड़ों से मिलेगी जरूरतमंदों को राहत

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**डोईवाला** – बुल्लावाला के पूर्व सैनिक और सामाजिक कार्यकर्ता जरनैल सिंह ने रोटी कपड़ा बैंक को चलाने वाले मनीष उपाध्याय को जरूरतमंदों के लिए गर्म कपड़े दिए! जरनैल सिंह ने कहा कि कपकपाती ठंड में सभी को जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए! इससे जरूरतमंदों को सर्दी में गर्म कपड़ों से राहत मिलेगी और ठंड होने परेशान नहीं कर पाएगी! कहां कि कपड़े धुले और साफ सुथरा हो ताकि जरूरतमंद को उन्हें पहनने में झिझक  ना लगे! वह खुशी से उन खुशी से गर्म को धारण करें सके! हम शाल,कंबल,स्वेटर जैकेट,दस्ताने, मोजे,वूलन शर्ट वूलन ट-शर्ट कोट ब्लेजर मफलर का सहयोग कर सकते हैं! रोटी कपड़ा बैंक कार्यकर्ता के प्रबंधक  मनीष उपाध्याय ने कहा कि सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, सभी के सहयोग से जरूरतमंदों को गर्म कपड़े दान कर सकते हैं! जिससे हम जरूरतमंदों को इस सर्दी में राहत भरी गर्माहट प्रदान कर सके!

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को सैनिक कल्याण विभाग द्वारा दिया ध्वज

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

**देहरादूनः** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर अमृत लाल, उप निदेशक कर्नल एम.एस.जोधा और अन्य अधिकारिगणों ने प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को फ्लैग लगाया।

इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सभी से ह्यसशस्त्र सेना झंडा दिवस कोषह्ल में सैन्य परिवारों के कल्याण एवं उत्थान के लिए अपना योगदान देने की भी अपील की। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने राज्यवासियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

## चोरी के प्रकरण में कोतवाली उत्तरकाशी पुलिस ने किया एक और अभियुक्त को गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**उत्तरकाशी,** जसपुर उत्तरकाशी निवासी संजय भट्ट के घर पर 28-29 नवम्बर की रात को अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इस मामले में कोतवाली उत्तरकाशी पर पंजीकृत अभियोग के तहत पुलिस ने 04 दिसंबर 2024 को एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में अभियुक्त ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात कबूली थी।

पुलिस टीम ने ठोस सुरागरसी-पतारसी करते हुए दूसरे अभियुक्त की तलाश जारी रखी और 06 दिसंबर 2024 को तेखला बाईपास बडेथी से कृषण प्रसाद भट्ट उर्फ कान्ता प्रसाद को गिरफ्तार किया।

अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद किया गया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा अभियुक्त से पूछताछ जारी है और चोरी के अन्य संभावित मामलों में उसकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## उत्तरकाशी में अपर जिलाधिकारी ने राजस्व वृद्धि के लिए कारगर प्रयास करने के निर्देश दिए

### अपर जिलाधिकारी देवनानंद शर्मा ने लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उत्तरकाशी, 07 दिसंबर 2024 अपर जिलाधिकारी देवनानंद शर्मा ने राजस्व एवं जिला कार्यालय से संबद्ध विभिन्न विभागों को लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करने के साथ ही राजस्व वृद्धि के लिए कारगर प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार ठंड बढने के कारण प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाए जाने तथा जरूरतमंद लोगों को रैन-बसेरों में आश्रय प्रदान करने की कार्रवाई को प्राथमिकता से संपन्न करने की भी हिदायत दी। जिला मुख्यालय पर राजस्व एवं जिला कार्यालय से संबद्ध विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की स्टाफ बैठक लेते हुए अपर जिलाधिकारी देवानंद शर्मा ने राजस्व वादों, विभिन्न प्रकार देयों की वसूली, लंबित प्रकरणों के निस्तारण सहित अन्य विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने भू-कानून के उल्लंघन के मामलों में उप जिलाधिकारियों को तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के द्वारा वृद्ध माता-पिता व सास-ससुर की देख-भाल न करने के



मामलों में भी वाद दर्ज कर जरूरतमंद बुजुर्गों की सहायता करने के विशेष निर्देश दिए गए हैं, जिनका पूरा अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी तहसीलों व उपतहसीलों को स्वान व बीएसएनएल के नेटवर्क से जोड़े जाने की व्यवस्था की गई है, ताकि खसरा-खतौनी की नकल एवं विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों के ऑनलाईन जारी करने का काम प्रभावित न हो।

बैठक में राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में आबकारी के निर्धारित लक्ष्य रू. 55 करोड़ के सापेक्ष अभी तक 47.86 करोड़ रू. का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इसी प्रकार खनन के वार्षिक लक्ष्य रू. 28 करोड़ के सापेक्ष गत नवंबर माह तक रू. 8.64 करोड़ का राजस्व जमा कराया जा चुका है। अपर जिलाधिकारी ने अवशेष लक्ष्यों की पूर्ति के लिए कारगर प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य के विकास के लिए संसाधनों की व्यवस्था हेतु सभी विभागों को आयवृद्धि पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।

शीतकाल को लेकर विभिन्न विभागों के स्तर पर की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि हिमाच्छादित होने वाले क्षेत्रों के लिए अगले तीन माह का खाद्यान्न संबंधित क्षेत्रों के गोदामों तक भेजा जा चुका है। अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में शीतकाल से लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के साथ ही प्रमुख स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाने की व्यवस्था पर भी निगरानी रखने के निर्देश दिए।

बैठक में उप जिलाधिकारी भटवाड़ी मुकेश चंद रमोला, उप जिलाधिकारी बड़कोट बृजेश कुमार तिवारी, उप जिलाधिकारी पुरोला नवाजिश खलीक, वरिष्ठ कोषाधिकारी शिवेन्द्र कुमार, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार, जिला खान अधिकारी प्रदीप कुमार सहित सभी तहसीलदारों ने भी प्रतिभाग किया।

# मायावती ने सपा-कांग्रेस पर बोला हमला, कहा- दोनों दल मुस्लिम वोट के लिए संभल- संभल चिल्ला रहे हैं

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा प्रमुख मायावती ने बांग्लादेश में दलित हिन्दुओं की हत्या को लेकर सपा, कांग्रेस को लेकर जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दू बड़ी संख्या में अपराधों का शिकार हो रहे हैं, उनमें से ज्यादातर दलित कमजोर लोग हैं जो लोग दलितों की बाद करते हैं उनके मुंह से आवाज नहीं निकल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल संभल- संभल चिल्ला रही है। क्योंकि अब सपा और कांग्रेस को केवल दलितों का वोट लेना है न कि उनके अधिकार की बात करती है। मायावती ने कहा कि जब दलित कमजार तबके के लोगों पर अत्याचा होता है तो कांग्रेस पार्टी चुप है और अब केवल मुस्लिम वोट के लिए संभल संभल चिल्ला रही है। इस मामले में कांग्रेस, सपा और उसके समर्थक एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार जो भाजपा के नेतृत्व में चल रही है उसे अपनी




जिम्मेदारी को आगे बढ़ चढ़ कर निभाए। ताकि दलित वर्ग के लोग जो शोषण का शिकार हो रहे हैं उन्हें और ज्यादा शि-कार ना होना पड़े। या फिर कांग्रेस की जिस गलती का उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है उन्हें वहां की सरकार से बात-चीत कर भारत वापस लाया जाए। मायावती ने कहा ह्यसंसद में विपक्ष देश और जनहित के मुद्दों को नहीं उठा रहा है। अपने राजनीतिक हितों के लिए खास तौर पर सपा और कांग्रेस पार्टी संभल में हिंसा के बहाने मुस्लिम वोटर्स को खुश करने की कोशिश कर रही हैं। उनका बाकी मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है ह्र उन्होंने कहा, ह्यइतना ही नहीं ये पार्टियां संभल में मुस्लिम समुदायों को आपस में लड़वा रही हैं। मुस्लिम समुदाय को भी सतर्क रहना होगा।

# किसान आंदोलन में भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया पर डाला वीडियो, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**नोएडाः** नोएडा पुलिस ने गौतमबुद्ध नगर जिले में निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद किसान आंदोलन में भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर जिले में किसान आंदोलन के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू है, जिसके तहत पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का सार्वजनिक स्थान पर इकट्ठा होना, जुलूस निकालना प्रतिबंधित किया गया है।




**'घरों से निकलकर किसान आंदोलन में भाग लें''**

नोएडा के सेक्टर-63 पुलिस थाना के प्रभारी निर-िक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार यादव की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार ड्यूटी पर तैनाती के दौरान उन्हें सूचना मिली कि गांव बहलोलपुर के निवासी अतुल कुमार यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें किसान आंदोलन में भीड़ जुटाने के लिए लोगों से आह्वान किया जा रहा है। शिकायत के अनुसार, वीडियो में यादव यह कहता सुनाई दे रहा है कि ज्यादा से ज्यादा लोग घरों से निकलकर किसान आंदोलन में भाग लेकर उनकी मांगों के लिए संघर्ष करें और मांगें पूरी न होने पर अधिक से अधिक गिरफ्तारी दें, वह भी गिरफ्तारी देने जा रहे हैं। इस वीडियो के कारण 100 से ज्यादा लोग ग्रेटर नोएडा में परी चौक के पास एक्सप्रेस-वे पर इकट्ठा हो गए, जिससे लोक व्यवस्था प्रभावित हु-ई।'' पुलिस ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने सोमवार को ह्यदिल्ली कूच'' का प्रयास किया था लेकिन पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद वे ह्यदलित प्रेरणा स्थल' पर धरने पर बैठ गए। इसके बाद मंगलवार को 160 से ज्यादा किसानों को हिरासत में लिया गया,जिसके विरोध में बुधवार को ग्रेटर नोएडा में ह्यजीरो प्वाइंट'' पर इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया गया। हालांकि, उत्तर प्रदेश स-रकार ने प्रदर्शनकारी किसानों की शिकायतों का समाधान करने के लिए मंगलवार को ही पांच सदस्यीय समिति के गठन का ऐलान कर दिया और एक महीने के भीतर रिपोर्ट देने को कहा।

# यूपी सरकार ने छह महीने तक प्रदेश में हड़ताल पर लगाई रोक, बिजली विभाग के कर्मचारियों हड़ताल की दी थी चेतावनी

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम के तहत अगले छह महीने के लिए अपने विभागों, निगमों और स्थानीय प्राधिकरणों में हड़ताल और प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गयी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने कहा कि आगामी महीनों में राज्य में दिव्य एवं भव्य महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है तथा अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं। शुक्ला ने कहा कि महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं और लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह कदम उठाए गए हैं। हालांकि, उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) ने इस कदम को 'अलोकतांत्रिक' करार दिया है। सपा के विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा ने कहा, ह्यसंविधान के प्रावधानों के अनुसार लोगों और सरकारी कर्मचारियों को अपनी बात कहने का




अधिकार है। लेकिन, ऐसा लगता है कि सरकार नहीं चाहती कि लोग ऐसा करें। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ 7 दिसंबर को देश भर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। स्थिति की गंभीरता का आकलन करने और सघन संघर्ष की रणनीति तय करने के लिए 11 दिसंबर को लखनऊ में राष्ट्रीय चैप्टर की बैठक होगी। इस बैठक में कर्मचारी एवं अभियंता महासंघ के सभी नेता भाग लेंगे। लोगों को जनविरोधी नीतियों के बारे में जागरूक करने के लिए बिजली क्षेत्र के निजीकरण के खिलाफ व्यापार लॉबी के पक्ष में उपभोक्ताओं सहित व्यापक प्रदर्शन 13 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।

# UP: बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार से शामली के हिंदुओं में कड़ा आक्रोश, कलेक्ट्रेट में हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया विराट धरना प्रदर्शन

**उत्तर प्रदेश** के जनपद शामली कलेक्ट्रेट में सनातन धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में हिंदू समाज की सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों के द्वारा विराट धरना प्रदर्शन किया गया। जहां बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हिंदुओं के नरसंहार और अत्याचार को लेकर हिंदू समाज के लोगों में कड़ा आक्रोश देखने को मिला। धरना प्रदर्शन में दूर दराज से आए संत समाज के लोगों ने भी हिस्सा लिया और हनुमान चालीसा पाठ के बाद धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। जहां धरना प्रदर्शन के उपरांत प्रदर्शनकारियों ने देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमे भारत स-रकार से बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है।




**बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कड़ा आक्रोश**

बता दें कि शनिवार को सनातन धर्म रक्षा मंच के बैनर तले बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओ के नरसंहार और अत्याचार के विरोध में हिंदू समाज की सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों के द्वारा विराट धरना प्रदर्शन किया गया। जहां हिंदू समाज के लोगों में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कड़ा आक्रोश देखने को मिला। धरना प्रदर्शन की श-ुरूआत से पहले संत समाज के लोगों ने एक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने एक के बाद एक अपने विचार रखे।

**बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं को कोई आजादी नहीं है**

वहीं धरना प्रदर्शन में बीजेपी के दिग्गज नेताओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान धरना प्रदर्शन में पहुंचे दंडी स्वामी ललिता नंद तीर्थ जी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समाज के लोगो का खुलेआम नरसंहार किया जा रहा है। उनकी बहन बेटियों की इज्जत को लूटा जा रहा है। हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को नेस्तनाबूद किया जा रहा है। बंगलादेश का हिंदू समाज लगातार डर और दहशत के साए में जीने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हालत बेहद खराब हो चुके है क्योंकि बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं को कोई आजादी नहीं है न तो वहां के हिंदू ठीक प्र-कार से अपने त्यौहार मना पाता है।

**बांग्लादेश में सनातन संस्कृति की रक्षा करे सरकार**

उन्होंने कहा कि जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है अब वह और बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इसे लेकर शामली सहित सम्पूर्ण भारत के समूचे हिंदू समाज में रोष है। हिंदुओं पर अब और अत्याचार बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जिसे लेकर शामली के हिंदू समाज के लोगो द्वारा जिला अधिकारी को देश के राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमे भारत सरकार से मांग की गई है कि बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने हेतु बांग्लादेश सरकार से बात करें और बांग्लादेश में सनातन

# आजमगढ़ में अपराधियों के हौसले बुलंद! जांच करने गए पुलिसकर्मी को दबंगों ने पीटा, वीडियो वायरल

**आजमगढ़** (शुभम सिंह): उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के सिधारी थाना क्षेत्र छतवारा गांव में एक शिकायत की जांच करने गई पुलिस टीम पर आरोपियों ने न सिर्फ गालियां दी बल्कि उसके साथ मारपीट की। वर्दी भी फाड़ दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। आनन- फानन में आजमगढ़ पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर पीड़ित सिपाही की तहरी पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले में दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। मिली जानकारी के मुताबिक तीन दिसंबर को कलंदर बस्ती निवासी सिराजुल निशा ने




पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि दो दिसंबर की शाम करीब सात बजे मोहम्मद शहादत, मोहम्मद सगीर उर्फ दीपू, तसौवर, मोहम्मद अकबर, और अमीला ने उनकी बाउंड्री तोड़ दी और गेट चोरी कर लिया। इस घटना की जांच के लिए एसआई राज बिहारी सिंह अपनी टीम के साथ आरोपियों के घर पहुंचे। जांच के दौरान आरोपी उग्र हो गए। पुलिस टीम को देखते ही उन्होंने भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दीं और पूछने लगे, मेरे दरवाजे पर पुलिस कैसे आ गई इसके बाद बात हाथापाई तक पहुंच गई। आरोपियों ने आरक्षी की जमकर पिटाई कर दी और दुबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिसकर्मियों को अपनी जान बचाकर वापस लौटना पड़ा। एसपी सिटी शैलेंद्र लाल आजमगढ़ ने बताया कि घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा जिसमें आ-रोपियों की हरकतें साफ देखी जा सकती हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पांचों आ-रोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। कानून-व्यवस्था पर के साथ खिलवाड़ करने वाले को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। हालांकि वायरल वीडियो को लेकर पुलिस प्रश-ासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं कि आखिर पुलिस टीम पर लोगों ने क्यों हमला किया इसके पीछे की क्या वजह रही है। फिलहाल अब तो यह जांच का विषय है कि आखिर गलती किसकी है।

# जौनपुर की 'अटाला मस्जिद' पर भी मंदिर का दावा, इलाहाबाद हाई कोर्ट में 9 दिसंबर को होगी सुनवाई

**जौनपुर** (जावेद अहमद): उत्तर प्रदेश संभल मस्जिद विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है कि इसी बीच जौनपुर की अटाला मस्जिद में स्वराज वाहिनी संगठन ने इसे प्राचीन अटाला देवी मंदिर बताया है, जबकि मस्जिद प्रबंधन इन दावों को खारिज कर रहा है। इसे लेकर स्वराज वाहिनी संगठन ने हाई कोर्ट में याचिका डाली है। अब इस मामले में 9 दिसंबर सुनवाई होगी। हिंदू पक्ष का दावा है कि मस्जिद में मंदिर से जुड़े कई चिन्ह मौजद है। इसमें त्रिशूल, फूल होने की बात कही गई है। इसके साथ ही दावे में पुरातत्व विभाग के निदेशक की रिपोर्ट और विभिन्न पुस्तकों का भी हवाला दिया गया। अधिवक्ता ने उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड, प्रबंधन कमेटी अटाला मस्जिद के खिलाफ दावा पेश किया गया है। अजय प्रताप सिंह ने बताया कि वाद संपत्ति अटाला मस्जिद मूल रूप से अटाला माता मंदिर है। ऐतिहासिक स्रोतों के अनुसार अटाला माता मंदिर का निर्माण कन्नौज के राजा जयचंद्र राठौर ने करवाया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के प्रथम निदेशक ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि अटाला माता मंदिर को तोड़ने का आदेश फिरोज शाह ने दिया था, लेकिन हिंदुओं के संघर्ष के कारण मंदिर को तोड़ नहीं पाया। उन्होंने कहा कि बाद में इब्राहिम शाह अतिक्रमण कर मंदिर का उपयोग मस्जिद के रूप में करने लगा। कलकत्ता स्कूल ऑफ आर्ट के प्रिंसिपल ईबी हेवेल ने अपनी पुस्तक में अटाला मस्जिद की प्रकृति और च-रित्र को हिन्दू बताया है। दावा है कि अटाला मस्जिद ही अटाला माता मंदिर का मूल भवन है जो कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन एक संरक्षित स्मारक है और एक राष्ट्रीय महत्व का स्मारक है। फिलहाल अब इस मंदिर है या मस्जिद इस मामले की सुनवाई 9 दिसंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट में होगी।

# सालभर से लड़की के पीछे पड़ा सांप...11 बार डसा, क्या ले रहा है बदला

**महोबाः** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के एक गांव में एक 19 साल की लड़की रोशनी के साथ एक अजीब और डरावनी घटना हो रही है। लड़की का दावा है कि पिछले एक साल से एक सांप लगातार उसके पीछे पड़ा हुआ है और हर बार मौका मिलने पर उसे काट लेता है। अब तक सांप ने उसे 11 बार काट लिया है। हाल ही में एक बार फिर सांप ने उसे काट लिया, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**जानिए पूरी घटना**

यह घटना महोबा के चरखारी इलाके के पंचमपुरा गांव की है। यहां रहने वाली रोशनी को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टर्स को बताया गया कि उसे सांप ने काट लिया है। जब उसे होश आया, तो उसने जो बात बताई, उससे सभी हैरान रह गए। रोशनी का कहना है कि पिछले एक साल से एक सांप लगातार उसका पीछा कर रहा है और हर बार उसे काट लेता है।

**लड़की ने सांप के बार-बार काटने के किया दावा**

रोशनी के मुताबिक, इस एक साल में उसे उसी सांप ने 11 बार काटा है। उसके शरीर पर सांप के काटे जाने के कई निशान भी हैं। हालांकि, डॉक्टर्स और उसके परिवार वाले इस बात पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि एक ही सांप बार-बार उसे काटे। इस बारे में परिजनों का कहना है कि उन्हें कई बार रोशनी की जान बचानी पड़ी है। पहले सांप के काटने पर उसे ओझा के पास भी ले जाया गया था, लेकिन किसी को यह समझ नहीं आ रहा कि यह घटना बार-बार क्यों हो रही है।

**परिजनों में है घटना से डर**

रोशनी के परिवार वाले इस घटना से बहुत डर गए हैं। हर बार जब सांप उसे काटता है, तो परिवार के लोग उसे अस्पताल ले जाते हैं और इलाज करवाते हैं। परिजनों का मानना है कि अगर यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहा

# भारतीय टीम दूसरा टेस्ट हारी तो डब्लयूटीसी फाइनल में पहुंचना होगा मुश्किल

**एडीलेड** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा बॉर्डर-गावस्कर ट्राॅफी का दूसरा मुकाबला भारतीय टीम के लिए बेहद अहम है। भारतीय टीम को अगर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में जगह बनानी है तो उसके लिए ये मैच जीतना जरुरी रहेगा। इसलिए गुलाबी गेंद से खेले जा रहे इस मैच को भारतीय टीम किसी भी प्रकार से जीतना चाहेगी। इस मैच में अगर भारतीय टीम हारी तो उसका नंबर एक स्थान हाथ से फिसल जाएगा। साथ ही इससे विश्वटेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका पर भी प्रभाव पड़ेगा। डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस में अभी तीन टीमें हैं। इस सूची में भारतीय टीम 61.11 प्रतिशत अंकों के साथ



पहले, 59.26 प्रतिशत अंकों के साथ दक्षिण अफ्रीका दूसरे जबकि 57.69 प्रतिशत अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर हैं। दूसरे टेस्ट में अगर भारतीय टीम जीतती है तो उसके 63.54 प्रतिशत अंक हो जाएंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के 53.57 प्रतिशत अंक ही रह जाएंगे। अगर भारतीय टीम एडिलेड में हारी तो है तो वह सीरीज में पिछड़ जाएगी। साथ ही डब्लयूटीसी अंक तालिका में नंबर-1 का स्थान भी उसके हाथ से निकल जाएगा। एडिलेड टेस्ट में हार से भारतीय टीम के 57.29 प्रतिशत अंक ही रह जाएंगे। वहीं जीतने पर ऑस्ट्रेलिया के खाते में 60.71 प्रतिशत अंक हो जाएंगे और उनके पास नंबर-1 बनने का अवसर रहेगा। ऐसे में अगर टीम इंडिया एडिलेड में भी जीत दर्ज करती है तो सीरीज में 2-0 से आगे हो जाएगी। साथ ही अंक तालिका में भी शीर्ष पर बनी रहेगी।

# पृथ्वी अपनी सोच बदले और फिटनेस पर ध्यान दे : परांजपे



**मुम्बई** युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ आजकल बेहद खराब दौर से गुजर रहे है। आईपीएल नीलामी में उन्हें जहां कोई खरीददार नहीं मिला। वहीं घरेलू क्रिकेट में भी उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। उन्हें फिटनेस के आधार पर रणजी ट्रॉफी से भी बाहर कर दिया गया। पृथ्वी की कप्तानी में ही भारतीय टीम ने साल 2018 में अंडर-19 विश्व कप जीत था और तभी से उन्हें भविष्य का स्टार माना जा रहा था पर आज 25 साल की उम्र में वह एक असफल खिलाड़ी बनते जा रहे हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की ओर से खेलते हुए भी वह बल्लेबाजी में असफल रहे है। इसी को देखते हुए पूर्व क्रिकेटटर जतिन परांजपे ने कहा है कि पृथ्वी को अपनी सोच बदलनी होगी। इसके साथ ही उन्हें फिट होने के लिए कुछ वजन कम करना होगा। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, अगर मैं पृथ्वी होता, तो मैं जल्दी से मूल्यांकन करता और निष्कर्ष निकालता कि फिटनेस एक बड़ी कमी है। इसके बिना क्रिकेट में उस्का भविष्य नहीं है। मेरा मानना है कि उसके करीब 10 किलोग्राम वजन कम करना होगा। उन्होंने कहा, अगर मैं उनकी जगह होता, तो मैं रामजी श्रीनिवासन के साथ चेन्नई में 10 दिन बिताता और अगले दो या तीन साल पूरी तरह से इस बदलाव के लिए समर्पित कर देता। अगले 45 से 60 दिनों में परिणाम दिखने शुरू हो जाएंगे।

# एचआईएल में बेहतर प्रदर्शन पर हैं आमिर की नजरें

**नई दिल्ली** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली की नजरें आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में बेहतर प्रदर्शन पर लगी हुई हैं। आमिर को नीलामी में टीम गोनासिका ने 34 लाख रुपए में खरीदा था। इस खिलाड़ी का यहां तक का सफर कठिन रहा है। आमिर ने कहा कि वह अपनी परिवार की आर्थिक हालत को बेहतर बनाना चाहते थे। इसी कारण वह हॉकी में मेहनत करने लगे। उल्लेखनीय है कि आमिर एक डिफेंडर हैं और ने हाल ही में भारतीय टीम को जूनियर एशिया कप खिताब दिलाया और अब वह अपनी जीत की लय को जारी रखने के उद्देश्य से आगामी हॉकी इंडिया लीग में खेलने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, जूनियर एशिया कप जीतने से उनका मनोबल बढ़ा है और वह जीत की इस लय को लीग में भी जारी रखना चाहते हैं। इस युवा के अनुसार एचआईएल में सीनियर



खिलाड़ियों के अनुभवों का लाभ भी उन्हें मिलेगा। आमिर का हॉकी इंडिया लीग से जुड़ाव उनके बचपन से है। वह मनप्रीत सिंह को आदर्श मानते हैं और लखनऊ में एचआईएल मैच खेलते देखने के लिए 10 किलोमीटर पैदल चलकर जाते थे। अब उन्हें टीम गोनासिका में अपने आदर्श मनप्रीत सिंह के साथ खेलने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, यह सोचना कि मैं कभी एचआईएल मैच देखने गया था और अब मैं उनमें खेलूंगा, एक बहुत ही खास एहसास है। मेरे माता-पिता गर्व महसूस करते हैं और इससे मुझे बहुत खुशी मिलती है। मैं अपने आदर्श मनप्रीत सिंह के साथ खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं और उनसे सीखने और उनके मार्गदर्शन में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक हूं। युवा डिफेंडर आगामी सत्र के लिए अपने लक्ष्यों के बारे में स्पष्ट हैं। मैं अपना 100 प्रतिशत देना चाहता हूं और यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि टीम गोनासिका अच्छा प्रदर्शन करे। मुझे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, और मैं टीम की सफलता में योगदान देकर उस विश्वास को चुकाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं।

# लॉबी के प्रयासों का मुकाबला करने जाना पड़ा व्यवसाय में: विवेक ओबेरॉय

**मुंबई** हाल ही में एक इंटरव्यू में बालीवुड एक्टर विवेक ओबेरॉय ने बताया कि कैसे उन्हें इंडस्ट्री में मौजूद एक लॉबी के प्रयासों का मुकाबला करने के लिए व्यवसाय में जाना पड़ा। विवेक ने बताया कि शूटआउट एट लोखंडवाला की सफलता के बावजूद उन्हें 14 से 15 महीने तक कोई काम नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने यह तय किया कि वह अब अपनी आर्थिक स्वतंत्रता के लिए कुछ और करें। उन्होंने कहा, मैंने 22 सालों में करीब 67 प्रोजेक्ट किए हैं, लेकिन इंडस्ट्री एक असुरक्षित जगह है। आप अच्छा काम करें, पुरस्कार जीतें, लेकिन फिर भी आपको काम नहीं मिल सकता। 2007 के बाद, जब मैंने शूटआउट एट



लोखंडवाला की, तो मैं उम्मीद कर रहा था कि मुझे बहुत सारे ऑफर्स मिलेंगे, लेकिन मुझे कोई काम नहीं मिला। मैं 14-15 महीने तक घर पर बैठा रहा।विवेक ने आगे बताया, यह तब था जब मैंने फैसला किया कि मैं सिर्फ फिल्मों पर निर्भर नहीं रह सकता। मुझे अपनी आर्थिक स्वतंत्रता बनानी थी। मैं ऐसी स्थिति में नहीं रहना चाहता था, जहां कोई लॉबी आपका भविष्य तय करे या आपको धमकियां दे। विवेक ओबेरॉय ने बताया कि व्यवसायी बनना हमेशा उनका प्लान बी था और इस फैसले ने उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता दी। मैंने तय किया कि सिनेमा मेरा जुनून होगा, लेकिन मेरी आजीविका मेरा व्यवसाय होना चाहिए। इस फैसले से मुझे अपनी स्वतंत्रता मिली और मैं लॉबी के प्रभाव से बाहर निकल सका। मेरे लिए अपनी आत्मा को बेचना या किसी की चापलूसी करना सही तरीका नहीं था। काम की बात करें तो विवेक ओबेरॉय को हाल ही में रोहित शेट्टी की पहली वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में देखा गया था, जिसमें शिल्पा शेट्टी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, शरद केलकर और श्वेता तिवारी भी थे। अब वह जल्द ही फिल्म मस्ती 4 में रितेश देशमुख और आफताब शिवदासानी के साथ नजर आएंगे। बता दें कि साथिया और कंपनी जैसी फिल्मों से बॉलीवुड में अपनी पहचान बना चुके विवेक ओबेरॉय ने अपने करियर में एक ऐसा कठिन दौर भी देखा जब वे बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल करने के बावजूद महीनों तक काम से बाहर रहे।


# साल 2024 मेरे लिए बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहा: प्रियंका चोपड़ा



**मुंबई** इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने लिखा, ‌कुछ दिनों से मैं काफी उत्साहित और रोमांचित रही हूं। यह साल मेरे लिए बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहा है लेकिन इतने प्यार और समर्थन के कारण यह अनुभव आसान बना ‌ हमने ‌सिटाडेल सीजन 2‌ की शूटिंग पूरी कर ली है! प्रियंका ने इस पोस्ट के जरिए अपनी शूटिंग के अनुभव को फैंस के साथ साझा किया और बताया कि अब वह छुट्टियों के मौसम का आनंद लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा, मैं सीरीज के एक्टर्स, क्रू और खासकर मेरी टीम का धन्यवाद करना चाहती हूं, जिन्होंने मेरा साथ दिया। अब मैं इस समय का पूरी तरह से आनंद लेने के लिए ‌गोता लगाने‌ को तैयार हूं।‌ ‌सिटाडेल‌ अमेजन प्राइम वीडियो की जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसका निर्माण डेविड वेइल ने किया है। प्रियंका चोपड़ा इस सीरीज में नादिया सिंह के किरदार में नजर आ रही हैं। इसके अलावा, प्रियंका के साथ हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड मैडेन भी इस सीरीज में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ‌सिटाडेल‌ के पहले सीजन में प्रियंका चोपड़ा की एक्टिंग को दर्शकों ने खासा सराहा था। इसके अलावा, स्टेनली टुची, लेस्ली मैनविल, एश्ले कमिंग्स, रिचर्ड मैडेन और जोश एप्पेलबाम भी अहम भूमिकाओं में थे। प्रियंका चोपड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह फिलहाल कई बड़े प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। ‌सिटाडेल 2‌ के अलावा, प्रियंका के पास ‌हेड्स ऑफ स्टेट‌ है, जिसमें वह इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा, वह कार्ल अर्बन के साथ ‌द ब्लफ‌ और फरहान अख्तर की अपकमिंग फिल्म ‌जी ले जरा‌ में भी दिखाई देंगी, जिसमें उनके साथ कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट भी अहम भूमिका में हैं। प्रियंका चोपड़ा के लिए यह समय बेहद व्यस्त और रोमांचक रहा है। बता दें कि ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने अपनी चर्चित वेब सीरीज ‌सिटाडेल 2‌ की शूटिंग पूरी कर ली है। प्रियंका ने इस अवसर पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपनी खुशी और आभार व्यक्त किया।

# मानसिक तनाव से जूझ रहा हैं इरफान खान का बेटा बाबिल

मुंबई दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बड़े बेटे बाबिल खान असमय पिता की मौत के दर्द से अब तक उबर नहीं पाए हैं। वे इन दिनों मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। बाबिल के इस मुश्किल दौर के बारे में उनकी मां, राइटर-प्रोड्यूसर सुतापा सिकदर ने हाल ही में यह खुलासा किया। सुतापा ने बताया कि बाबिल पर अपने पिता इरफान खान से लगातार तुलना किए जाने का भारी दबाव है, जो उनके लिए बेहद तनावपूर्ण साबित हो रहा है। सुतापा ने



कहा, बाबिल पर बहुत ज्यादा प्रेशर है और मुझे ये ठीक नहीं लगता। ये प्रेशर नहीं होना चाहिए। इरफान पर कभी ये प्रेशर नहीं था। जब आप पर कोई प्रेशर नहीं होता, तब आपकी अपनी पहचान सामने आती है। बात सिर्फ काम की नहीं है, बल्कि पिता को खोने की भी है। उन्होंने आगे कहा, वह अभी लगभग डिप्रेशन में हैं, इसमें स्ट्रेस और तुलना हमेशा बनी रहती है। मैं चाहती हूं कि लोग बाबिल को अकेला छोड़ दें। वह बहुत ही कमजोर महसूस कर रहे हैं, और उसमें लड़ने की भावना नहीं है। सुतापा ने बाबिल के दर्द को समझाते हुए उदाहरण दिया और कहा, जैसे अभिषेक बच्चन को अमिताभ बच्चन से हमेशा तुलना का सामना करना पड़ा, वैसे ही बाबिल भी इस कठिन दौर से गुजर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि वह जल्द ही इससे उबर जाएंगे। बाबिल खान ने अपने करियर की शुरूआत कैमरा असिस्टेंट के रूप में की थी

## विशेष सूचना

आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध्र रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दशार्ये गये हैं।

समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।

सारिका
डेक्स एडिटर
7500992656

---

नाथीराम कश्यप
विशेष संवाददाता, लक्सर
9411119095

---------

शादाब अली
देहरादून
मो. 9897139325

-----

शमशाद अहमद
भगवानपुर

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतू कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

अमित कुमार मंगोलिया
सम्पादक
प्रधन कार्यालय
मिशन नेशनल न्यूज, पुल जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो. 9219141431
किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादकः अमित कुमार